गुरुज्ञान
जिंदगी में जीतने के लिए जिद होनी चाहिए हारने के लिए तो एक डर ही काफी है !!

www.tripuritimes.com

# त्रिपुरी टाइम्स



वर्ष 10 अंक 63

जबलपुर, मंगलवार 1 अप्रैल 2025

tripuritimes@gmail.com

पृष्ठ संख्या : 8 मूल्य : 2 रुपए



## ड्रग कारोबार के खिलाफ सरकार का अभियान निरंतर जारी :शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली -राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक बड़े नार्को -नेटवर्क का भंडाफोड़ करने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और दिल्ली पुलिस की सराहना करते हुए कहा है कि ड्रग कारोबार के खिलाफ सरकार का अभियान निरंतर जारी है। श्री शाह ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ड्रग्स के खिलाफ मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत, दिल्ली-एनसीआर में एक बड़े नार्को-नेटवर्क का भंडाफोड़ किया गया। एनसीबी और दिल्ली पुलिस ने गिरोह को दबोचते हुए 27.4 करोड़ रुपये मूल्य के मेथमफेटामाइन, एमडीएमए और कोकीन बरामद किए और पांच लोगों को गिरफ्तार किया। मैं इस बड़ी कामयाबी के लिए एनसीबी और दिल्ली पुलिस की सराहना करता हूँ। दिल्ली के छतरपुर क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले मेथमफेटामाइन के लेन-देन की सूचना मिलने पर, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की संयुक्त टीम ने संदिग्धों पर नजर रखी। टीम ने एक संदिग्ध वाहन को रोका, जिसमें 5.103 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाला क्रिस्टल मेथमफेटामाइन बरामद हुआ, जिसकी



अनुमानित कीमत 10.2 करोड़ रुपये है। वाहन में सवार पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें चार अफ्रीकी नागरिक शामिल हैं, जो नाइजीरिया के एक प्रभावशाली परिवार से संबंधित हैं। मौके पर की गई गहन पूछताछ और तकनीकी जांच से पता चला कि यह प्रतिबंधित सामग्री पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर स्थित एक अफ्रीकी किचन से लाई गई थी। जब इस किचन की तलाशी ली गई, तो वहां से 1.156 किलोग्राम क्रिस्टल मेथमफेटामाइन, 4.142 किलोग्राम अफगान हेरोइन और 5.776 किलोग्राम एमडीएमए (एक्स्टसी पिल्स) बरामद हुए, जिनकी कुल अनुमानित कीमत 16.4 करोड़ रुपये है। इसके अतिरिक्त, ग्रेटर नोएडा में एक किराए के अपार्टमेंट की तलाशी के दौरान 389 ग्राम अफगान हेरोइन और 26 ग्राम कोकीन भी बरामद की गई। जांच में पता चला कि यह गिरोह अफ्रीकी युवाओं को नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल होने में मदद करता था और उन्हें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और पंजाब के प्रमुख निजी विश्वविद्यालयों में दाखिला के लिए स्टूडेंट वीजा प्राप्त करने में मदद करता था। कुछ ऐसे छात्रों के मामले में, वीजा केवल भारत में रहने का एक माध्यम था, जबकि वे ड्रग्स की आपूर्ति और क्रिप्टो करेंसी के जरिए धन हासिल करने में सक्रिय रूप से लगे हुए थे। इसके अलावा, इस ड्रग सिंडिकेट के संपर्कों की पहचान के लिए जांच जारी है। ब्यूरो ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लड़ाई में नागरिकों से सहयोगी की अपील करते हुए कहा है कि कोई भी व्यक्ति राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन - मानस के टोल-फ्री नंबर 1933 पर कॉल करके नशीले पदार्थों की बिक्री से जुड़ी जानकारी साझा कर सकता है।

## मध्यप्रदेश में ईद का उल्लास, ईदगाह में पढ़ी गई नमाज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल समेत आज समूचे राज्य में ईद का त्योहार पारंपरिक तरीके से पूर्ण उल्लास से मनाया जा रहा है। राजधानी भोपाल में आज ईदगाह पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज पढ़ी और एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। लोगों ने एक-दूसरे को सेवइयां खिला कर ईद का जश्न मनाया। राजधानी के पुराने भोपाल क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग ईद मनाते हुए देखे गए। राज्य के दूसरे शहरों इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर समेत दूसरे स्थानों से भी इसी प्रकार के आयोजनों की सूचनाएं हैं। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रदेशवासियों को ईद की बधाई देते हुए कहा, 'ईद मुबारक... अमन व भाईचारे के त्यौहार ईद-उल-फितर पर सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।' मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ईद की शुभकामनाओं का संदेश एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, 'आप सभी को ईद-उल-फितर की हार्दिक शुभकामनाएं। 'प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अपने शुभकामना संदेश में कहा, 'ईद मुबारक! हर घर में रहमतों की बारिश हो! खुशहाली, तरक़्क ी, इंसानियत की बुलंदी हो!

### झारखंड में हाथियों का उत्पात, 4 दिन में 7 लोगों को कुचलकर मार डाला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** झारखंड में हाथियों का उत्पाद बढ़ रहा है। यहां मात्र 4 दिन में 7 लोगों को हाथी मौत के घाट उतार चुके हैं।गुमला जिले के रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत डेरांगडीह अम्बाकोना जंगल में महुआ चुनने गए 45 वर्षीय जेम्स कुजूर को रविवार सुबह हाथी ने कुचल डाला। उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बाद में पुलिस और वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर उनका क्षत-विक्षत शव बरामद किया। इसी तरह अल्बर्ट एक्का प्रखंड में हाथी ने 73 वर्षीय क्लाइमेट एक्का को उनके घर के पास ही सूंड में लपेटकर पटक डाला। गंभीर रूप से घायल हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके बाद यह हाथी पड़ोस के जमानां गांव पहुंचा, जहां शौच के लिए खेत की तरफ गए 50 वर्षीय शख्स अरविंद सिंह राजावत को भी पटक कर जख्मी कर दिया। इसके पहले शुक्रवार को गुमला के पालकोट थाना के बरडीह-देवगांव में शौच के लिए खेत की तरफ गए क्रिस्टोफर एक्का को भी हाथी ने कुचलकर मार डाला था।

## दंतेवाड़ा मुठभेड़ में 25 लाख की इनामी नक्सली रेणुका ढेर





**नई दिल्ली, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में लगातार तीसरे दिन सोमवार को भी सुरक्षा बलों ने माओवादी संगठन को करारा झटका दिया जब दंतेवाड़ा और बीजापुर की सीमा पर हुई मुठभेड़ में 25 लाख की इनामी महिला माओवादी रेणुका उर्फ बानु ढेर कर दी गयी। जवानों ने महिला नक्सली के शव के साथ इंसास राइफल और भारी मात्रा में गोला बारूद भी बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दंतेवाड़ा और बीजापुर में सुरक्षाबलों के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। मुठभेड़ अभी भी जारी है और जवानों के वापस आने के बाद अंतिम आंकड़े जारी किए जाएंगे। ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा है कि, जवानों को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। इस बीच छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि आज दंतेवाड़ा मुठभेड़ में 25 लाख की इनामी महिला माओवादी रेणुका उर्फ बानु मारी गई। उन्होंने कहा,ह्लभटके हुए लोगों से पुनः अपील है कि नक्सलवाद के काले अंधकार को छोड़ें और लोकतंत्र के प्रकाश से उज्ज्वल समाज की मुख्यधारा में शामिल हों। विष्णुदेव सरकार आपका स्वागत करती है! गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर व दंतेवाड़ा जिलों में रविवार को 65 माओवादियों ने सुरक्षाकर्मियों के सामने आत्मसमर्पण कर नक्सली संगठन को करारा झटका दिया। दंतेवाड़ा जिले में जारी ह्वलोन वरार्टूह्ल (घर वापस आइए) अभियान से प्रभावित होकर 15 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में सिक्का उर्फ भीमा मंडावी प्रतिबंधित माओवादी संगठन के पोटाली आरपीसी के तहत जनताना सरकार का प्रमुख था। सरेंडर करने वाले माओवादियों को पुनर्वास नीति के तहत 25-25 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। उन्हें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मिलने वाली अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि ह्वलोन वरार्टूह्ल अभियान के तहत अब तक 221 इनामी सहित कुल 927 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। वहीं बीजापुर जिले में 68 लाख के इनामधारी 50 नक्सलियों ने सामूहिक आत्मसमर्पण कर माओवादी संगठन को करारा झटका दिया है। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में नक्सलियों के सरेंडर करने से माओवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है। प्रशासन ने इसे नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में एक अहम कदम बताया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में शनिवार का दिन भी पुलिस व सुरक्षा बलों के नाम रहा। सुरक्षा बलों के जवानों ने अलग-अलग स्थानों पर हुई मुठभेड़ में 11 महिलाओं समेत 18 नक्सलियों को ढेर कर दिया जबकि 15 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया।

### 19 अप्रैल को कटरा से श्रीनगर चलने वाली पहली ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कश्मीर को रेलमार्ग से देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने का सपना जल् द पूरा होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को कटरा से श्रीनगर चलने वाली पहली ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इसकी पुष्टि कर बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 19 अप्रैल को कटरा से जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। कश मीर को देश के अन् य भागों से जोड़ने के लिए 272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक परियोजना का काम पूरा होने के बाद कश्मीर को यह सौगात मिलने वाली है। जम्मू-कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत कटरा से होगी, क्योंकि फिलहाल जम्मू रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण हो रहा है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस रेलवे लिंक परियोजना को पिछले महीने पूरा किया गया था। कटरा-बारामूला मार्ग पर ट्रेन के परीक्षण सफलतापूर्वक हो चुके हैं। रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने इस साल जनवरी में कटरा और कश्मीर के बीच ट्रेन सेवा को मंजूरी दी थी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि वंदे भारत एक्सप्रेस के शुरू होने से जम्मू और श्रीनगर के बीच यात्रा का समय काफी कम होगा और क्षेत्र के लिए एक आधुनिक और कुशल रेल सेवा प्रदान करेगी। कई दशकों से कश्मीर के लिए सीधी रेल सेवा की मांग हो रही थी, इस मांग को इस ट्रेन के शुरू होने से पूरा किया जाएगा। वर्तमान में, कश्मीर घाटी में केवल संगलदान से बारामूला तक ट्रेन सेवा उपलब्ध है, जबकि कटरा से देश के अन्य हिस्सों के लिए ट्रेन चलती हैं।

## तमिलनाडु में वैवाहिक घोटाले का हुआ भंडाफोड़, चार लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तमिलनाडु पुलिस की साइबर अपराध शाखा ने एक बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए क्रिप्टो ट्रेडिंग का उपयोग कर वैवाहिक घोटाले करने वाले एक नेटवर्क का भंडाफोड़ किया और राज्य के दक्षिणी थेनी जिले में इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया। यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि साइबर अपराध शाखा द्वारा राज्यव्यापी समन्वित अभियान में तमिलनाडु में वैवाहिक घोटाले के नेटवर्क का पता चला है। एक नया निवेश घोटाला फर्जी वैवाहिक प्रोफाइल के माध्यम से लोगों को निशाना बना रहा है। घोटालेबाज वैवाहिक वेबसाइटों पर फर्जी प्रोफाइल बनाते हैं, संभावित जोड़ी के रूप में खुद को पेश करके पीड़ितों का विश्वास प्राप्त करते हैं, और फिर उच्च-रिटर्न निवेश के अवसरों का प्रस्ताव देते हैं, जिसमें अक्सर रियल एस्टेट, स्टॉक, विदेशी मुद्रा व्यापार या क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग शामिल होती है। इनमें से एक मामले में थेनी जिले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता थेनी में अपने पिता की मिल की देखरेख करता है। अपनी शादी के लिए किसी साथी की तलाश में पीड़ित ने संगम नामक वैवाहिक ऐप पर अपना विवरण दर्ज किया था। एक दिन उसे हरिनी नामक एक आईडी से एक प्रोफाइल मैच मिला। उसके विवरण की समीक्षा करने के बाद, उसने ऐप के माध्यम से बातचीत शुरू की। जैसे-जैसे उनकी बातचीत आगे बढ़ी, उसने व्हाट्सएप के माध्यम से उससे संपर्क किया। संदिग्ध ने पीड़ित को शादी का झूठा भरोसा देकर उसके साथ रिश्ता बनाया। उसका विश्वास और ध्यान पाने के लिए, उसने क्रिप्टो ट्रेडिंग के माध्यम से अर्जित कथित मुनाफे को उसके साथ साझा किया। एक समय पर, लड़की ने दावा किया कि उनके पिता को भारतीय शेयर बाजार में नुकसान हुआ था और उन्होंने क्रिप्टो ट्रेडिंग की अवधारणा पेश की थी। इसके बाद उसने पीड़ित को क्रिप्टो ट्रेडिंग में निवेश करने के लिए राजी किया। शुरू में पीड़ित ने मना कर दिया, लेकिन संदिग्ध ने उसे झांसा दिया और अंततः क्रिप्टो ट्रेडिंग में 88,58,988 रुपये निवेश करने के लिए प्रेरित किया।

## ऑपरेशन ब्रह्मा: एनडीआरएफ टीम ने मांडले के उह्ला थीन मठ में बचाव अभियान किया शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की एनडीआरएफ टीम ने म्यांमार के मांडले स्थित उह्ला थीन मठ में बचाव अभियान शुरू कर दिया है, जहां शुक्रवार को आए विनाशकारी भूकंप के बाद लगभग 170 बौद्ध भिक्षु अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं। भारतीय सेना की टीम एक चयनित स्थल पर अपनी चिकित्सा सेवा स्थापित करने की तैयारी कर रही है। विदेश मंत्रालय ने ऑपरेशन ब्रह्मा पर एक अपडेट में कहा कि ह्लहम स्काई विला में एनडीआरएफ की टीम तैनात करने की भी कोशिश कर रहे हैं, जहां 11-11 मंजिलों वाले चार टावर ढह गए हैं। टावरों में कई विदेशी हैं; या म्यांमार सरकार जिस किसी अन्य साइट पर विचार करेगी, वहां टीम तैनात की जा सकती है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि राहत सामग्री राज्य महानायक समिति (म्यांमार की दूसरी सबसे बड़ी समिति) के महासचिव को भी दी जाएगी, जहां लगभग 2,000 भिक्षु मठ के बाहर बैठे हैं (जो घायल नहीं हैं, लेकिन उनके पास जाने के लिए कोई जगह नहीं है और कोई बुनियादी सुविधाएं भी नहीं हैं)। इसने कहा कि हमारी टीमें मंडाले पैलेस, महा मुनि पैगोडा, एमआईआईटी तथा अन्य ऐसे स्थानों पर भी तैनात की जाएंगी जहां भारी क्षति हुई है।



बयान में कहा गया कि हम भारतीय समुदाय के सदस्यों को रहने एवं भोजन के लिए सहायता प्रदान कर रहे हैं। रिपोर्टों के अनुसार, स्काई विला अपार्टमेंट ब्लॉक के मलबों में 90 से अधिक लोगों के फंसे होने की आशंका है। उल्लेखनीय है कि 28 मार्च को दोपहर में मंडाले के उत्तर-पश्चिम में 7.7 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके कुछ ही मिनटों बाद 6.7 तीव्रता का दूसरा झटका लगा। भूकंप के कारण म्यांमार के बड़े हिस्से में इमारतें नष्ट हो गईं, पुल गिर गए और सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं। देश के दूसरे सबसे बड़े शहर और 17 लाख से अधिक लोगों के घर मांडले में भारी तबाही हुई। उह्ला थीन मठ में 180 से अधिक भिक्षु, वरिष्ठ स्तर की भिक्षुणी छह दिवसीय परीक्षा दे रहे थे, जब शुक्रवार को भूकंप आया।

## आज से गुजरात में यात्रा करना होगा महंगा, टोल टैक्स में 5 से 40 रुपए तक की वृद्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महंगाई दौर में वाहन चालकों की जेब पर असर करनेवाली खबर सामने आई है कल यानी 1 अप्रैल से राज्य के कई टोल प्लाजा पर टोल टैक्स के दाम बढ़नेवाले हैं टोल टैक्स में 5 रुपए से लेकर 40 रुपए तक की बढ़ोत्तरी हो सकती है जिसका सीधा असर वाहन चालकों की जेब पर पड़ेगो खासकर अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस-वे और अहमदाबाद-वडोदरा के बीच नेशनल हाईवे 48 पर भी टोल शुल्क में बढ़ोतरी की घोषणा की गई है अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर यात्रा करने वाले वाहन चालकों को अब 1 अप्रैल से अधिक टोल टैक्स चुकाना होगा। नई दरों के मुताबिक कार और जीप जैसे वाहनों को अब मौजूदा रु. 135 के बजाय रु. 140 टोल देना होगा। वहीं बस और ट्रक जैसे बड़े वाहनों के लिए टोल की लागत रु. 465 से बढ़कर रु. 480 हो जाएगी। अहमदाबाद-वडोदरा के बीच नेशनल हाईवे 48 पर भी टोल दरें बढ़ा दी गई हैं वडोदरा से आणंद तक कार से यात्रा करने पर अब रु. 50 के बजाय रु. 55 टोल देना होगा, जबकि वडोदरा से नडियाद तक टोल रु. 70 से बढ़कर रु. 75 हो जाएगा। इसके अलावा, रघवाणज टोल प्लाजा पर कारों और जीपों के लिए टोल की कीमत रु. 110 हो जाएगी। जबकि वासद से वडोदरा तक कार और जीप से अब 160 रुपये का टोल वसूला जाएगा। भरथाणा टोल प्लाजा पर भी कार और जीप के लिए टोल शुल्क रु. 155 से बढ़कर रु. 160 हो जाएगा। भरथाणा प्लाजा का टोल राजस्व देश में सबसे अधिक है।

## वक्फ को लेकर मुसलमान बहकावे में नहीं आयें : शाहनवाज हुसैन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद में इस सप्ताह वक्फ संशोधन विधेयक पेश किये जाने की अटकलों के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आज देश के मुस्लिम समाज को आगाह किया कि उन्हें कांग्रेस के ईकोसिस्टम द्वारा नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) की तर्ज पर वक्फ को लेकर भड़काने की कोशिश की जा रही है ताकि देश को कमजोर किया जा सके इसलिए मुस्लिम समाज को बहकावे में नहीं आना चाहिए। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने ईद के अवसर पर उनके निवास पर पधारे पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ऐसी रिपोर्टें आयीं हैं कि ईद के मौके पर मस्जिदों में नमाज के वक्त कई जगह लोग काली पट्टी बांध कर नमाज पढ़ने आये हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर कांग्रेस का ईकोसिस्टम फिर से सक्रिय हो गया है और उन्हें उसी तरह से भड़काने की कोशिश की जा रही है जैसे सीएए को लेकर और कृषि कानूनों को लेकर भड़काया गया था और कुछ लोग वक्फ के नाम पर बेसिरपैर का हंगामा कर रहे हैं। श्री हुसैन ने कहा कि रमजान के बाद ईद खुशी का मौका होता है। इबादत के बीच सियासत कहां से आ गयी। उन्होंने



काली पट्टी बांध कर आने वालों को चेतावनी दी कि वे मस्जिद को राजनीति का अड्डा नहीं बनायें। मस्जिद में खुदा और बंदे के बीच का रिश्ता होता है। सियायत की कोई गुंजाइश नहीं होती है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज बहकावे में नहीं आयें। ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लमीन के नेता असदुद्दीन ओवैसी एक आलीशन जिंदगी जीते हैं। उनका आम मुसलमानों से कोई लेना देना नहीं है। वह हिन्दू और मुसलमानों के बीच लड़ाई-झगड़ा करवा कर अपनी राजनीति चमकाते हैं। वह इसी लक्ष्य को लेकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक में किसी भी मजार, दरगाह, मस्जिद, ईदगाह या कब्रिस्तान को छीना नहीं जा रहा है। बल्कि गरीब मुसलमानों को उसका लाभ मिले, इसका प्रावधान किया गया है।

# प्रदेश में परिवहन सेवाओं को और बेहतर बनाया जाएगा:मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के ग्रामीण, शहरी और इंटरसिटी परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा प्रारंभ की जाएगी। योजना का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। सबके साथ विस्तृत विचार-विमर्श, सुझाव एवं सहमति के बाद शीघ्र ही इस योजना प्रस्ताव को अनुमोदन के लिये मंत्रि-परिषद की बैठक में लाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में नवीन परिवहन सेवा (मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा) के संबंध में प्रारंभिक चर्चा के लिए आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में परिवहन सेवाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर प्रदेश के सभी जनजातीय क्षेत्रों में सुगम यात्री परिवहन के लिए सरकार हर जरूरी प्रयास करेगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, नगरीय विकास एवं प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने बैठक में वर्चुअली सहभागिता की। समत्व में हुई बैठक में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं प्रशासन श्री संजय कुमार शुक्ल, सचिव परिवहन



श्री मनीष सिंह, सचिव मुख्यमंत्री श्री सिबी चक्रवर्ती एवं संचालक जनसम्पर्क श्री अंशुल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की यात्री परिवहन संबंधी भावी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर इस नवीन योजना के सभी पक्षों पर गहनता से अध्ययन करें, जिससे यात्रियों को इसका अधिकतम लाभ मिल सके। सचिव परिवहन श्री मनीष सिंह ने नवीन परिवहन सेवा योजना की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नई परिवहन योजना में प्रदेश में यात्री बसों के संचालन की त्रि-स्तरीय मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके लिए प्रदेश मुख्यालय स्तर पर एक राज्यस्तरीय होल्डिंग कंपनी गठित की जाएगी। प्रदेश के सात बड़े संभागों (भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर एवं रीवा) में 7 क्षेत्रीय सहायक कंपनियां भी गठित की जाएगी। इसी उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तरीय यात्री परिवहन समिति गठित भी की जायेंगी। यह सभी बॉडीज यात्री परिवहन को बेहतर बनाने, यात्री किराया तय करने, रूट चार्ट तैयार करने में समन्वय और यात्रियों को योजना का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए अनुश्रवण एवं मार्गदर्शन करेगी। बताया गया कि सात क्षेत्रीय सहायक कंपनियों की आय अर्जन के स्रोत निर्माण के लिए भी इस योजना में विशेष इंतजाम किए जाएंगे। नवीन योजना में सरकार अनुबंधित बसों को प्राथमिकता से परमिट देगी। इन बसों पर प्रभावी नियंत्रण सरकार का ही होगा। नवीन योजना में यात्रियों एवं बस ऑपरेटर्स के लिए ऐप और कंपनी की मॉनिटरिंग के लिए एक डैशबोर्ड भी होगा नवीन परिवहन सेवा के संचालन के लिए प्रदेश के सात बड़े संभागों में यात्री बसों की आवश्यकता और जरूरी संख्या के लिए सर्वे कराये जा रहे हैं। सर्वे के परिणाम जल्द ही प्राप्त हो जायेंगे। सर्वे के फीडबैक के आधार पर सरकार इस योजना के क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढ़ेगी। बताया गया की नवीन परिवहन योजना का सबसे अधिक लाभ यात्रियों को होगा। बस ऑपरेटर्स को भी बेहतर माहौल और उन्हें कन्टीन्यू बिजनेस देने का प्रावधान भी इस नवीन परिवहन सेवा योजना में की गई है, जिससे आपरेटर्स की बस सेवाएं बाधित न हो और यात्रियों को भी कोई परेशानी न हो।

## भोपाल में डकैती की योजना बनाते 7 गिरफ्तार



**भोपाल।** टीटी नगर पुलिस ने पंचशील नगर स्थित मोदी ज्वैलर्स पर डकैती डालने की योजना बना रहे 7 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपी बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरात और नकदी लूटकर फरार होने की फिराक में थे। पुलिस ने बदमाशों के पास से लोहे की रॉड, पाइप, छुरे, तलवार और डंडे सहित कई हथियार भी बरामद किए। ईद और नवरात्रि के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए पुलिस अधिकारियों द्वारा शहर में गश्त चलाई जा रही थी। 30 मार्च को टीटी नगर थाना प्रभारी सुधीर अरजरिया की टीम को सूचना मिली कि प्लेटिनम प्लाजा के पीछे पानी की टंकी के पास कुछ लोग हथियारों के साथ डकैती की योजना बना रहे हैं। पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर उन्हें पकड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी।

### पुलिस को देखकर भागने का किया प्रयास

आरोपियों ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। लेकिन उनमें से कई गिरने से घायल हो गए। सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने मौके से लोहे की रॉड, पाइप, छुरे, तलवार, डंडा और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की। गिरफ्तार आरोपियों में से कुछ पहले से ही हत्या के प्रयास और चोरी के मामलों में वांछित थे। उन्होंने पुलिस से बचने और जमानत का इंतजाम करने के लिए बड़ी डकैती की साजिश रची थी। आरोपियों ने मोदी ज्वैलर्स को निशाना बनाने की प्लानिंग की थी, क्योंकि त्योहारी सीजन में वहां ज्यादा सोना-चांदी और नकदी होने की उम्मीद थी। इस मामले में टीटी नगर पुलिस की टीम ने सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई कर बड़ी घटना को होने से रोका। थाना प्रभारी सुधीर अरजरिया, उपनिरीक्षक राघवेंद्र सिंह सिकरवार, उपनिरीक्षक नर्मदा प्रसाद और अन्य स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही।

### आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड

संतोष उर्फ कालू लोधे झ 20 से अधिक अपराध दर्ज
उमेश चौहान झ 8 अपराध दर्ज
शनि चौहान झ 3 अपराध दर्ज
आदित्य चौहान झ 3 अपराध दर्ज
आनंद चौहान झ 3 अपराध दर्ज
मोनू चौहान झ 2 अपराध दर्ज
सावन ठाकुर झ 2 अपराध दर्ज

## भोपाल के अवधपुरी में शराब दुकान खुलने का विरोध

### 50 मीटर दूर मंदिर-स्कूल; मंत्री गौर से मिले रहवासी, अब रामायण का पाठ करेंगे

**भोपाल।** भोपाल में शराब दुकानों की शिफ्टिंग का मामला तूल पकड़ रहा है। अब अवधपुरी में ऋषिपुरम तिराहे पर शराब दुकान खुलने का विरोध शुरू हो गया है। रविवार रात में लोगों ने रैली-धरना देकर प्रदर्शन किया, जबकि सोमवार को सद्बुद्धि के लिए रामायण का पाठ भी किया जाएगा। प्रदर्शन में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। रहवासियों का कहना है, जिस जगह दुकान खुल रही है, उससे 50 मीटर के दायरे में ही मंदिर, स्कूल, अस्पताल और बस स्टॉप भी है। बावजूद यहां शराब दुकान खोली जा रही है। इसे लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। रात में धरना प्रदर्शन करने के बाद सोमवार को मंत्री कृष्णा गौर से भी मिलने पहुंचे। प्रदर्शन कर रहे रमण तिवारी ने बताया, अब रामायण का पाठ करेंगे। ताकि, दुकान खोलने वालों को सद्बुद्धि मिले और वह दुकान को अन्य कहीं शिफ्ट कर लें। सुबह कई लोग प्रदर्शन में शामिल होने के लिए ऋषिपुरम तिराहे पर पहुंचे।

वार्ड नंबर-34 स्थित मालवीय नगर में नई शराब दुकान खुल रही है। इसके पास ही विधायक रेस्ट हाउस, बिड़ला मंदिर भी है। वहीं, घना रहवासी इलाका भी है। इसके चलते लोग विरोध कर रहे हैं। पार्षद पप्पू विलास घाड़गे को ज्ञापन सौंपने के बाद शनिवार को कई महिलाएं सड़क पर उतर आई थी। काले झंडे लेकर उन्होंने दुकान के सामने प्रदर्शन भी किया था। वहीं, सोमवार को वे महापौर मालती राय से भी मिलने पहुंचीं और दुकान न खोले जाने की मांग की।



**बावड़ियाकलां में अस्पताल से सिर्फ 50 मीटर दूर खुल रही :** बावड़ियाकलां चौक में शराब दुकान खोलने के विरोध में गुरुवार को ही लोग सड़क पर उतर आए थे। उनका कहना था कि जिस जगह दुकान खोली जा रही है, उससे सिर्फ 50 मीटर दूर ही अस्पताल और रहवासी इलाका है। वहीं, मंदिर होने से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही है।

यहां पर दुकान के लिए स्ट्रक्चर तैयार हो रहा था। जैसे ही लोगों को यहां दुकान खुलने की खबर मिली, वे एकजुट होकर विरोध करने लगे। कॉलोनी के महिला-पुरुष मैदान में उतर गए। उनका कहना था कि अस्पताल और धार्मिक स्थलों के पास शराब की दुकान खोलना न केवल नियमों का उल्लंघन है बल्कि यह सामाजिक माहौल को भी बिगाड़ सकता है।

**हाथों में तख्तियां लेकर अफसरों के पास पहुंची थी महिलाएं :** राजधानी के संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) और सांई राम कॉलोनी सेमरा गेट से शराब दुकानें अन्य जगहों पर शिफ्ट करने की भी मांग है। इसे लेकर पिछले दिनों कई महिलाएं हाथों में तख्तियां लेकर अफसरों के पास पहुंची थी। महिलाओं ने जल्द दुकान शिफ्ट नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी थी।

स्टेशन रोड स्थित सांई राम कॉलोनी सेमरा गेट मुख्य मार्ग पर शराब दुकान है। यह धार्मिक स्थल और स्कूल के नजदीक है। इस दुकान के सभी दस्तावेज चांदबड़ के नाम से हैं। बावजूद इसके यह सांई राम कॉलोनी में है। इन दुकानों से विजय नगर, सांई राम कॉलोनी, बाबू कॉलोनी, लक्ष्मीपुरी, सेमरा के हजारों लोग हर रोज परेशान हैं। कई बार शराबी गंदी हरकतें करते हैं। जिससे बच्चों और महिलाओं को परेशानी होती है। कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिलता है। महिलाएं फिर से शिकायत लेकर कलेक्टोरेट पहुंची थीं।

## रानी कमलापति-हड़पसर साप्ताहिक विशेष ट्रेन शुरू

### गर्मियों में सफर होगा आसान; यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे का फैसला

**भोपाल।** गर्मियों की छुट्टियों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने विशेष ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। इसी क्रम में 01667/01668 रानी कमलापति झ हड़पसर झ रानी कमलापति साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन चलाई जाएगी। यह ट्रेन 10 अप्रैल 2025 से 27 जून 2025 तक प्रत्येक गुरुवार और शुक्रवार को संचालित होगी और कुल 12-12 ट्रिप पूरे करेगी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

ट्रेन का संचालन और ठहरावः गाड़ी संख्या 01667 (रानी कमलापति से हड़पसर) प्रस्थानः प्रत्येक गुरुवार, सुबह 08:35 बजे मुख्य ठहरावः नर्मदापुरम (09:33), इटारसी (10:00), हरदा (10:58) गंतव्य आगमनः अगले दिन 00:30 बजे हड़पसर गाड़ी संख्या 01668 (हड़पसर से रानी कमलापति) प्रस्थानः प्रत्येक शुक्रवार, सुबह 06:30 बजे मुख्य ठहरावः हरदा (19:03), इटारसी (21:00), नर्मदापुरम (21:28)

### गंतव्य आगमनः रात 22:55 बजे रानी कमलापति

यह ट्रेन रानी कमलापति, नर्मदापुरम, इटारसी जंक्शन, हरदा, खंडवा जंक्शन, भुसावल जंक्शन, मनमाड जंक्शन, कोपरगांव, अहमदनगर, दौंड चॉर्ड लाइन और हड़पसर स्टेशनों पर रुकेगी।

## बीजेपी जिलाध्यक्षों,प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक

### सीएम हुए शामिल, मंडल पदाधिकारियों की नियुक्ति, स्थापना दिवस की तैयारी पर हुई चर्चा

**भोपाल।** सीएम डॉ मोहन यादव, बीजेपी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा

प्रदेश भाजपा कार्यालय में आज मप्र के सभी भाजपा जिला अध्यक्षों, पूर्व जिला अध्यक्षों, संभाग और जिला प्रभारियों, प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक हुई। इस बैठक में सीएम डॉ मोहन यादव, बीजेपी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा मुख्य रूप से मौजूद थे।

**मंडल पदाधिकारियों की नियुक्तियों की जानकारी ली :** बैठक में जिला अध्यक्षों से मंडल पदाधिकारियों और कार्यसमिति के गठन की जानकारी ली गई। जिला अध्यक्षों से जिले वार मंडल कार्यसमिति और पदाधिकारियों की नियुक्ति के बारे में पूछा गया। जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों को जानकारी साथ लेकर आने के निर्देश दिए गए थे।



**इन मुद्दों पर हुई चर्चा :** आजीवन सहयोग निधि की जिलेवार समीक्षा। 6 अप्रैल को बीजेपी के स्थापना दिवस की तैयारी पर चर्चा। 14 अप्रैल को भीमराव अंबेडकर की जयंती के कार्यक्रमों की तैयारी पर चर्चा।

**बैठक में ये हुए शामिल :** भिंड सांसद संध्या राय, सागर सांसद लता वानखेड़े, होशंगाबाद सांसद दर्शन सिंह चौधरी, भोपाल सांसद आलोक शर्मा, राज्यसभा सांसद माया नरोलिया, सुमित्रा बाल्मीक, विधायक चिंतामणि मालवीय, अनिल जैन कालूहेड़ा, हरिशंकर खटीक सहित पार्टी के कई तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अप्रैल में ओले-बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम, आंधी भी चलेगी

**भोपाल।** अप्रैल के शुरूआती 3 दिनों में मध्यप्रदेश में ओले-बारिश और आंधी का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो रहा है। इस वजह से प्रदेश के 40 से ज्यादा जिलों में असर देखने को मिलेगा। इससे पहले, सोमवार को रतलाम, मंदसौर, अलीराजपुर और बड़वानी में हल्की बारिश और बादल छाए रहेंगे। राजधानी भोपाल में सुबह से बादल छाए हुए हैं। वहीं, हवा की रफ्तार भी तेज है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, 24 घंटे के बाद मध्य महाराष्ट्र और कोंकण क्षेत्र में साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम एक्टिव होने की संभावना है। जिसके पठारी क्षेत्र में ट्रफ के कारण अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी आनी शुरू हो जाएगी, जिससे प्रदेश में भी मौसम बदला रहेगा। **तेज आंधी चलेगी :** अबकी बार अप्रैल की शुरूआत तेज गर्मी की बजाय ओले, बारिश, गरज-चमक और आंधी के साथ हो रही है। कहीं-कहीं आंधी की रफ्तार 40 से 50 किमी प्रतिघंटा तक रह सकती है।



# लगातार चुनावी हार के बाद कांग्रेस की नई रणनीति

### एमपी में जिला अध्यक्षों को मिलेंगे बड़े अधिकार, राहुल-खड़गे की मौजूदगी में दिल्ली में बैठक

**भोपाल।** लगातार चुनावी हार और दल-बदल से नुकसान झेल रही कांग्रेस अब जिला संगठन को मजबूत बनाने की रणनीति पर काम कर रही है। इसी कड़ी में 3 अप्रैल को दिल्ली में मध्य प्रदेश के सभी जिलाध्यक्षों की बैठक होगी। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल शामिल होंगे। इस दौरान जिला अध्यक्षों के कामकाज की समीक्षा की जाएगी और संगठन को मजबूत करने पर मंथन होगा।

**जिलाध्यक्षों को मिलेंगे टिकट बांटने के अधिकार :** कांग्रेस संगठन इस बात पर जोर दे रहा है कि जिला अध्यक्षों को अधिक अधिकार दिए जाएं ताकि वे अपने जिले में संगठनात्मक फैसलों में अहम भूमिका निभा सकें। एआईसीसी ने जिला संगठनों को सशक्त बनाने के लिए सुझाव मांगे हैं। मध्य प्रदेश कांग्रेस ने पार्षद से लेकर सांसद तक के टिकट वितरण में जिला अध्यक्षों की भूमिका को अनिवार्य करने का प्रस्ताव दिया है। चुनाव समिति की बैठकों में भी जिला अध्यक्षों की राय को प्राथमिकता दी जाएगी।

**दिल्ली में बैठक, अहमदाबाद में मिलेगी अंतिम मंजूरी :** दिल्ली में 3 अप्रैल को होने वाली इस बैठक में जिला अध्यक्षों की



भूमिका को और प्रभावी बनाने पर चर्चा होगी। इसके बाद 9 अप्रैल को गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में इस प्रस्ताव को पास किया जाएगा, जिसके बाद इसे पूरे देश में लागू किया जा सकता है।

**कांग्रेस को जिलाध्यक्षों की बैठक की जरूरत क्यों पड़ी? :** कांग्रेस मप्र में पिछले चार चुनावों से हार रही है। 2018 में कमलनाथ के नेतृत्व में सरकार बनी, लेकिन ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ दो दर्जन से ज्यादा विधायकों के दलबदल के कारण सरकार गिर गई। जिन क्षेत्रों के विधायकों ने पार्टी छोड़ी, उनके साथ बूथ स्तर तक के कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी चले गए। ऐसे में दल-बदल वाले कई विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनावों के दौरान कांग्रेस को कई बूथों पर बिना कार्यकताओं के चुनाव लड़ना पड़ा और हार भी मिली। कांग्रेस ने दल-बदल से सबक लेते हुए अब यह रणनीति बनाई है कि संगठन को नेता और व्यक्ति आधारित की बजाय जिलाध्यक्ष केंद्रित किया जाए। ऐसे में जिले के संगठनात्मक फैसले जिलाध्यक्ष ही लेंगे।

### वर्तमान में कांग्रेस जिलाध्यक्षों के पास ये अधिकार

जिले की कार्यकारिणी का गठन करना।
जिले के मोर्चा, संगठन का गठन और समन्वय
सदस्यता अभियान चलाना और उसकी रिपोर्ट तैयार कराकर प्रदेश को भेजना।
जिले की समन्वय समिति बनाकर काम कराना।
कांग्रेस के प्रदेश स्तर और राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजन कराना
सामाजिक काम जैसे नशामुक्ति, सामाजिक समरसता,पर्यावरण संरक्षण, जातिगत भेदभाव दूर करने के लिए जनता के बीच काम करना।

### अब जिलाध्यक्षों को ये अधिकार देने का सुझाव

जिला स्तर के फैसले लेने के लिए जिलाध्यक्ष प्रदेश नेतृत्व पर निर्भर न रहें।
विधायकों, सांसदों, पूर्व विधायक, पूर्व सांसदों की बजाय संगठनात्मक निर्णय जिलाध्यक्ष करें।
सभी जिलों में पार्टी कार्यालय भवन बने। ताकि किसी नेता के घर से कार्यालय चलाने की बजाय संगठन का संचालन पार्टी ऑफिस से हो।
जिलाध्यक्षों का डायरेक्ट दिल्ली यानी एआईसीसी से सीधा संपर्क हो। अभी दिल्ली की भूमिका सिर्फ नियुक्ति और हटाने तक सीमित है।
पार्षद से लेकर, स्थानीय निकाय, विधानसभा, लोकसभा चुनाव के टिकट वितरण में जिलाध्यक्ष की राय को सबसे अहम माना जाए।
संगठन में होने वाली नियुक्तियों में विधायकों, सांसदों के साथ जिलाध्यक्ष की राय महत्वपूर्ण मानी जाए।
जिलाध्यक्ष ऐसे व्यक्ति बनाए जाएं जो खुद विधानसभा, लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक न हों। अगर वे चुनाव लड़ना चाहते हैं, तो इलेक्शन के दो साल पहले पद छोड़ दें।

# आपसी भाईचारे, दान और खुशियों का प्रतीक है ईद-उल-फितर

## कुरान-ए-अजीम इंसानियत की सच्ची राह दिखाने वाली आखिरी किताब है

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

ईद-उल-फितर आपसी भाईचारे, दान और खुशियों का प्रतीक है। जबलपुर में इस्लाम धर्मावलम्बियों के पवित्र माह रमजान के बाद सोमवार को पूरे देश में ईद का त्यौहार मनाया गया। ईद के मौके पर ईदगाह कला रानीताल में मुफ्ती ए आजम मध्यप्रदेश हजरत मौलाना मुशाहिद रजा कादरी ने तमाम लोगों को ईद की मुबारकबाद पेश की। मौलाना साहब ने अपनी तकरीर में कहा कि इस्लाम एक एसा वाहिद मजहब है जिसमें जिंदगी के हर पहलू तरीकों को किस तरह से जीना है उसका कानून कुरान मे मौजूद है! पाक किताब कुरान और अल्लाह के रसूल को अल्लाह ने इंसानियत के लिए भेजा है। मौलाना साहब ने हिदायत दी कि गरीबों और यतीमौ का ख्याल रखो बहुत से गरीब यातीम तालीम हासिल नहीं कर पाते है इसलिए जकात का इस्तेमाल सही तरीके से करो! मौलाना साहब ने वक्फ बिल में हो रहे बदलाव को लेकर कहा कि इसमें बदलाव की जरूरत नहीं है! ये हमारा इस्लामी कानून है! इसमें संशोधन न हमें पहले मंजूर था और न कभी मंजूर होगा! हम इस कानून में हो रहे संशोधन के खिलाफ है और इसकी मुखालफत करते हैं। सोशल मीडिया से बच्चों को दूर रखे नहीं तो बच्चे आपसे दूर हो जाएंगे। बच्चों को दुनियावी तालीम के साथ इस्लामी तालीम भी जरूर दो। मौलाना साहब ने बताया कि नगर निगम प्रशासन से शिकायत आई है कि कुछ मुस्लिम वार्डो का टैक्स जमा नहीं हो रहा है। मौलाना साहब ने समझाईश दी कि हम शहर के वासी है तो कानून का पालन करे और टैक्स जरूर जमा करे ताकि शहर के विकास में रुकावट न आए और मुस्लिम इलाकों में साफ सफाई और विकास व्यवस्था बनी रहे! मौलाना साहब ने कहा कि इस्लाम सच्चाई और भाईचारा सिखाता है नफरत नहीं सिखाता है। मौलाना साहब ने प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रानिक मीडिया की सामाजिक और सद्भाव बनाए रखने की भूमिका को सराहा। मौलाना साहब ने कहा कि कलेक्टर साहब और शासन प्रशासन की तारीफ की और कहा कि उनके मार्गदर्शन में शहर में अमनों कायम है हम इसकी सरहाना करते हैं! सजदे में झुके सर- तकरीर उपरान्त नायबे मुफ्ती ए आजम




मध्यप्रदेश हजरत सूफी जियाऊल हक कादरी बुरहानी ने ईद उल फित्र की नमाज अद कराई। लगभग 50 हजार मुस्लिमो ने एक साथ नमाज अदा की। ईदगाह में अल्लाह हू अकबर की गूंज के साथ एक साथ हजारों सर सजदे में झुक गए खुदा की बंदगी का ये आलम काबिले गौर था। नमाजोपरान्त ईद का खुत्बा पड़ा गया और अंत में मौलाना साहब ने मुल्क की तरक्की खुशहाली की खास दुआएं मांगी। नमाज अदा करने के बाद नमाजियो ने आपस में एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की। ईदगाह रानीताल के प्रवेश द्वार पर राजनितिक दलों के कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता, बरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीयों ने मौलाना साहब व मुस्लिम बंधुओं से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद।

**अल सुबह से शुरूआत** - प्रातःकाल से ही ईंदगाह कला रानीताल में नमाजियो का आगमन शुरू हो गया था। आसपास के गाँव देहात से भी बड़ी तादाद में नमाजी ईदगाह पहुंचे। पहले आने वालों को शुरू की सफो में जगह मिली देर से आने वालों को आखरी की कतारों में जगह मिली। धीरे-धीरे पूरी ईदगाह नमाजियों से भर गई। ठीक 10 बजे मुफ्ती ए आजम मध्यप्रदेश तशरीफ लाए अकीदतमंदे ने नाराए तकबीर अल्लाह हू अकबर के नारे बुलंद कर मौलाना साहब का इस्तकबाल किया।

**मोमिन ईदगाह** -मोमिन ईदगाह गोहलपुर में प्रातः 8 बजे हजारों की तादाद में मुस्लिमों ने नमाज अदा की। हाफिज मोहम्मद ताहिर साहब ने ईद की नमाज अदा कराई। नमाजियो की विशाल तादाद को देखते हुए ईदगाह के सामने मुख्य सड़क तथा उर्दू स्कूल के मैदान तक नमाजियो की लम्बी लम्बी कतारें लगी थी। अल्लाह हू अकबर की गूंज के बीच नमाजियो ने ईद की नमाज अदा की। नमाजोपरान्त लोगों ने आपस में गले मिलकर ईद को मुबारकबाद पेश की।

**ईदगाह सदर, गढ़ा** - सदर बाजार ईदगाह में प्रातः 9:30 बजे ईद उल फित्र की नमाज मौलाना जियाउर चाँद कादरी ने अदा कराई। सदर ईदगाह में सुरक्षा संस्थानी, सेना इकाइयों, में सेवारत मुस्लिम अधिकारियों कर्मचारियों तथा रानीदुर्गावती विश्वविद्यालय में अध्ययनरत मुस्लिम छात्रों ने ईद की नमाज अदा की। इस मौके पर मौलाना साहब ने अमन शांति खुशहाली की दुआएं की। सदर बाजार की गलियों में हिन्दू धर्मालवियों ने मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की। उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा ईदगाह में क्षेत्रीय लोगों एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय मेडीकल कॉलेज में सेवारत मुस्लिम कर्मचारियों व अध्ययनरत छात्रों ने भी ईद की नमाज अदा की। हाफिज कारी मौलाना अमीर अशरफ ने नमाज अदा कराई। नमाजोपरान्त नमाजियो ने गले मिलकर एक दूरसे को मुबारकबाद पेश की। अन्य धर्मालवियों ने भी मुस्लिम बंधुओं से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की।

**शिया जामा मस्जिद**- फूटाताल स्तिथ शिया जामा मस्जिद जाकिर अली में प्रातः 10:30 बजे मौलाना सैयद हैदर मेहंदी साहब ने ईद की नमाज अद कराई। नमाजोपरान्त शिया बंधु आपस में गले मिले और ईद की मुबारक बाद पेश की। ईद के मौके पर जामा मस्जिद आयुध निमार्णी खमारिया में देश में अमन, शांति और भाईचारे के लिए दुआ कि गई तथा आयुध निमार्णी खमारिया में सभी उत्पादन कार्य सुचारू रूप से चलता रहे एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की छती या कोई दुर्घटना न हो इसके लिए निमार्णी के हित में विशेष दुआ कि गई। इस दौरान मुस्लिम कर्मचारी मोहम्मद जावेद अत्तारी,मतीन,राफे,मजीद खान तलीब खान, सैफ अन्शारी भाई,मेहमुद,पप्पु भाई दिलावर भाई ने सभी को ईद की मुबारकबाद पेश की

**ईद की मिठास** - ईद के मौके पर मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में दिन भर खुशी और हर्षोल्लास का माहौल रहा। मुस्लिम परिवारों में ईद की मीठी सेवाईया खाने खिलाने का दौर चलता रहा। मुस्लिमों ने अपने हिंदू मित्रों को दावत दी और ईद की मीठी सेवाईया पेश कर दोस्ती की मिठास बढ़ाई। मासूम बच्चे भी सुबह नमाज पढ़कर अपने परिजनों से ईदी लेने पहुंचे और ईदी लेकर मुस्लिम बस्तियों में लगे झूले व अन्य खाने पीने के आइटमों का लुत्फ उठाया। झूलो पर बच्चों के साथ बढ़ों ने भी आनंद लिया। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में दिन भर चहल पहल बनी रहीं। जनप्रतिनिधिगण एवं अन्य धर्मालबियों ने मुस्लिम बस्तियों में आकर ईद की मुबारकबाद पेश की। गढ़ा काजी मोहल्ला में हाजी मोहम्मद रसूल उस्मानी द्वारा पूरे दिन गरीबों यतिमो को शुद्ध शाकाहारी खाना खिलाया गया।

# देश के लिए समर्पित होना चाहिए जीवन : प्रेमशंकर सिदार

## जबलपुर महानगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का तीन स्थानों पर सम्पन्न हुआ वर्षप्रतिपदा उत्सव




त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा वर्ष प्रतिपदा उत्सव मनाया गया, जिसमें जबलपुर महानगर पर आयोजित कार्यक्रमों में कुल 3485 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने प्रेरणादायक उद्बोधन दिए, जिसमें समाज निर्माण और राष्ट्रसेवा का संकल्प दोहराया गया। नर्मदा भाग के कार्यक्रम में 1434 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। मुख्य वक्ता मध्यक्षेत्र के सह क्षेत्र प्रचारक श्री प्रेम शंकर जी ने डॉ. हेडगेवार के जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, "यह जीवन अपने लिए नहीं, बल्कि देश के लिए समर्पित होना चाहिए। हमें अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए, सभी कठिनाइयों को सहर्ष स्वीकार कर आगे बढ़ना चाहिए।" कार्यक्रम में प्रांत संघचालक डॉ प्रदीप दुबे, सहविभाग संघचालक अनिरुद्ध कौरवार भाग संघचालक दुर्गा प्रसाद ग्यारसिया की उपस्थिति रही। कृषि भाग का कार्यक्रम जेडीए ग्राउंड, विजयनगर में आयोजित हुआ, जिसमें 673 स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही। जबलपुर विभाग प्रचारक श्री आनन्द ने संघ के पंच भूत विमर्श पर चर्चा करते हुए हिंदू समाज के उत्थान एवं विकास के लिए करणीय विषयों पर उद्बोधन दिया। एवं शताब्दी वर्ष के अवसर पर स्वयंसेवकों के लिए करणीय कार्य के बारे में बताया। आयुध भाग में भी वर्ष प्रतिपदा उत्सव मनाया गया, जिसमें 1378 स्वयंसेवक उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता प्रांत प्रचारक श्री बृजकांत ने सनातन संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, "हमारी संस्कृति आदि से अनंत तक अक्षुण्ण है, और इसे संरक्षित करना हम सभी का कर्तव्य है।" कार्यक्रम में विभाग संघचालक डॉ. कैलाश गुप्ता, भाग संघचालक वीरेंद्र सिंह एवं राष्ट्रीय बाल्मीकि समाज के शिवलाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# बकायादार करदाताओं की भवन कुर्क करने के साथ-साथ भूमि भी अधिग्रहित करने की भी नगर निगम द्वारा की जा रही है कार्रवाई

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निदेर्शानुसार सभी संभागों में बकाया राजस्व वसूली का कार्य किया जा रहा है। राजस्व अभियान को गति प्रदान करने भवन कुर्क करने के साथ-साथ बकायदार करदाताओं की भूमि भी अधिग्रहित करने की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज अंतिम दिन संभाग क्रमांक 10 रॉझी के अंतर्गत संभागीय अधिकारी नरेश शर्मा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लाला लाजपत राय वार्ड अंतर्गत क्षीर सागर माने गांव में आनंदी पटैल पिता बाबू लाल पटैल पर बकाया एवं सनहाल राशि रुपए 5 लाख 16 हजार 7 सौ 73 रुपए होने पर सम्पत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की गयी। इसी प्रकार श्रीमती माया बाई पिता स्व. तीरथ प्रसाद काछी पर बकाया भूमिकर 1 लाख 13 हजार 1 सौ 11 रुपए भुगतान न करने पर सम्पत्ति अधिग्रहण की कार्रवाई की। संभागीय अधिकारी नरेश शर्मा ने बताया कि सम्पत्ति स्वामी को अनेकों बार सम्पर्क एवं दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर नोटिस दिये गए, परन्तु सम्पत्ति स्वामी के द्वारा किसी भी प्रकार की रूचि नहीं दिखाई गई। बकाया राशि जमा न करने की स्थिति में सम्पत्ति कुर्क एवं भूमि को अधिग्रहण करने की कार्यवाही की गयी। कार्रवाई के समय राजस्व निरीक्षक हर नारायण पटैल, सहायक राजस्व निरीक्षक चन्द्रभान नोनिया, कृष्ण कुमार जायसवाल, मनसुख सेन, दौलत मार्को, मुन्ना खान, राजेन्द्र चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# एमपी ट्रांस्को के कार्मिकों ने सीखीं जीवन रक्षक तकनीक




त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) व स्थानीय जिला चिकित्सालयों ,मेडिकल कॉलेजों के सहयोग से मध्यप्रदेश में एमपी ट्रांसको के कर्मियों के लिए ह्यह्यसीपीआर एवं अन्य ऐसे ही जीवन रक्षक तकनीकोंह्यह्य पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में एक प्रशिक्षण कार्यशाला एमपी ट्रांसको एवं जिला चिकित्सालय बैतूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। जिला चिकित्सालय में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यशाला में संयोजक सहायक अभियंता श्री शिवकुमार और संजय पवार द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं विषय की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कंपनी प्रबंधन की मंशा से अवगत कराया गया। इस उपयोगी कार्यशाला में कंपनी के बैतूल स्थित सबस्टेशनो एवं अति उच्चदाब संधारण बैतूल के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियो को मेडिकल आफिसर डॉ. रानू वर्मा द्वारा व्यवहारिक और उपयोगी प्रशिक्षण दिया गया। कंपनी के कार्मिकों एवं समाज के लिए बहुउपयोगी एवं जीवनरक्षक इस कार्यशाला के सफल आयोजन में एम.पी. ट्रांसको के करीब 30 मेंटनेन्स, ऑपरेटिंग एवं सुरक्षा कर्मियों ने हिस्सा लिया। सी.पी.आर. प्रशिक्षण हेतु उपयोग किये जाने वाले मानव पुतले एवं कुछ वीडियों की सहायता से सी.पी.आर. तकनीक का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक प्रतिभागी ने विषय विशेषज्ञ की निगरानी में मानव पुतले पर सी.पी.आर. तकनीक का अभ्यास किया एवं प्राथमिक उपचार संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# ताल-तलैयों का पानी होगा साफ, बदलेगी नदियों और तालाबों की तस्वीर: विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com



मध्यप्रदेश शासन द्वारा 30 मार्च से 30 जून 2025 तक संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पूरे प्रदेश में सुरक्षित कल के लिए जल स्त्रोंतों को बचाए रखने ताल-तलैयों, कुऑ-बावली, और नदियों की सफाई कराई जा रही है। इसके लिए देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी लगातार जल गंगा संवर्धन अभियान के लिए कार्य करते हुए लोगों को भी इस अभियान से जोड़ने प्रेरित कर रहे हैं। मध्यप्रदेश सरकार की पहल पर यह अभियान पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत नगर निगम जबलपुर द्वारा भी लगातार जल स्त्रोतों की साफ-सफाई कराई जा रही है। आज इसी कड़ी में केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने निर्देशन पार्षद श्रीमती सावित्री शाह एवं उदीप सिंह, पुष्पराज, कमल विश्वास, श्रीमती रंजना दुबे ने लाला लाजपत राय वार्ड अंतर्गत मानेगांव तालाब में सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें तालाब के अंदर भी जाकर साफ-सफाई की। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अनिल मिश्रा, स्वास्थ्य निरीक्षक श्रीनिवासन, सुपरवाइजर विजय कुशवाहा, ईशा, बर्नवास एवं नगर निगम के सफाई संरक्षकों ने सहयोग प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित अभियान को गति प्रदान करने निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा भी लगातार क्षेत्रों का भ्रमण किया जा रहा है और 30 मार्च से शुभारंभ जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों का संरक्षण संवर्धन के लिए कार्य किये जा रहे हैं।

# एमपी ट्रांसको के मुख्य अभियंता प्रवीण गार्गव हुए सेवानिवृत्त

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com





मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के मुख्य अभियंता के पद से प्रवीण गार्गव 39 वर्षों की सेवा के उपरांत आज सेवानिवृत्त हुए। टेस्टिंग के विशेषज्ञ इंजीनियरों में से एक श्री गार्गव ने मध्य प्रदेश विद्युत मंडल, मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल एवं मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में विभिन्न पदों पर कार्य किया। शक्ति भवन के बोर्ड रूम में आयोजित विदाई समारोह में कंपनी के मुख्यालय स्थित सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर निगम के राजस्व वसूली महाअभियान आज हुई ऐतिहासिक रिकार्डतोड़ वसूली

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

नगर निगम द्वारा शहर की चारों दिशाओं में बेहतर विकास के कार्य कराये गये तथा शहर के नागरिकों को भी बेहतर मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराई गई । जिसका परिणाम सामने दिख रहा है । इस वर्ष शहर के गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर नगर निगम द्वारा प्रदाय की जा रही सेवाओं के एवज में सुविधा शुल्क व बकाया टैक्स जमा किया। इस वित्तीय वर्ष के आज आखरी दिन रात्रि 9 बजे तक 10 करोड़ से अधिक और पिछले वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ कुल आय 2 अरब 53 करोड़ रुपए से अधिक का आकड़ा पहुंचाने में सबसे ज्यादा भूमिका शहर के करदाताओं की रही है। इसके लिए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, राजस्व प्रभारी डॉ. सुभाष तिवारी, निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव, अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा, व्ही.एन. बाजपेयी, प्रशांत गोटिया, मनोज श्रीवास्तव, श्रीमती अंजू सिंह, उपायुक्त पी.एन. सनखेरे के साथ-साथ राजस्व अधिकारी राकेश तिवारी, समस्त संभागीय अधिकारियों, राजस्व निरीक्षकों एवं टीम के सभी सदस्यों की मेहनत और प्रयास रंग लाए। नगर निगम की आय में बढ़ोत्तरी करने इस वर्ष महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने विशेष रूप से प्रयास किये और शहर के सभी बड़े करदाताओं से विनम्र अपील कर बकाया करों की राशि जमा करवाए, जिसके परिणाम स्वरूप एक दिन में वसूली का ऑकड़ा 10 करोड़ के पार पहुँच पाया है।

# हिरन नदी का उद्गम स्थल पर साफ सफाई श्रमदान

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com




मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् विकासखण्ड कुंडेश्वर धाम (कुण्डम) में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विकासखण्ड में अनेक ग्रामों में जल संरक्षण संवर्द्धन हेतु श्रमदान एवं जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से परिषद् के सम्भाग समन्वयक रवि प्रसाद बर्मन विकासखण्ड समन्वयक विवेक कुमार मिश्रा की उपस्थिति में ग्राम कुंडेश्वर धाम शासकीय महाविद्यालय में जल संवाद गोष्ठी का आयोजन, प्रदेश में प्रसिद्ध ऐतिहासिक व धार्मिक महत्त्व के स्थल मां हिरन नदी का उद्गम स्थल पर स्थित प्राचीन कुण्ड की साफ सफाई श्रमदान से विकासखण्ड के अनेक ग्रामों से प्रस्फुटन समिति कार्यकताओं, सीएमसी एलडीपी छात्रों एवं परामर्श दाताओं की सहभागिता से किया गया। इसी प्रकार प्रस्फुटन ग्राम रमपुरी कला एवं ग्राम ददरगवाँ में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कार्यकताओं एवं ग्राम वासियों के सहयोग से जल स्त्रोतों सार्वजनिक कुआं एवं कुआं के आस पास श्रमदान से साफ सफाई कार्य किया गया एवं ग्राम वासियों से जल संरक्षण संवर्द्धन विषय पर विकासखण्ड समन्वयक विवेक कुमार मिश्रा द्वारा संवाद किया गया कार्यक्रम में नवांकुर संस्था व्हाईट टाइगर्स समाज सेवी संस्था के डॉ अमित पाण्डेय जीवन शैली महिला मण्डल समिति के सदस्य प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष राम चरण परस्ते, प्रेम नारायण, सूखचैन, दुर्गेश,धीर सिंह, विश्वनाथ मार्को पहल सिंह मार्को बिशन सिंह मार्को लेख राम कैलाश मार्को दुरपाल सिंह धुर्वे सुकरत सिंग धुर्वे कत्तू सिंह मार्को शिवराज सिंह मरावी गुड्डा सिंह पंद्राम सुरेन्द्र सिंह मार्को राधेश्याम पंद्राम गुलाब सिंह मार्को परामर्श दाता पूरन सिंह कुंजाम राजेश मार्को, दुर्जन सिंह आर्मो, प्रमोद रैदास एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति व सहभागिता रही।

# श्रीमति कपूरा बाई चढ़ार का निधन

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com



श्रीमति कपूरा बाई चढ़ार पति यदुराज चढ़ार उम्र 82 वर्ष निवासी विजयनगर जबलपुर का निधन हो गया है। वे सतीश चढ़ार की मां जी सौरभ चढ़ार की दादी थी। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान घाट में सम्पन्न हुआ।




## अध्याय 2 श्लोक 71

जो पुरुष समुद्र में निरन्तर प्रवेश करती रहने वाली नदियों के समान इच्छाओं के निरन्तर प्रवाह से विचलित नहीं होता और जो सदैव स्थिर रहता है, वही शान्ति प्राप्त कर सकता है, वह नहीं, जो ऐसी इच्छाओं को तुष्ट करने की चेष्ठा करता हो।

## अध्याय 1 : गीता का सार

### श्लोक 2 . 71

आपूर्यमाणमचलप्रतिष्ठं समुद्रमापः प्रविशन्ति यद्वत्
तद्वत्कामा यं प्रविशन्ति सर्वे स शान्तिमाप्नोति न कामकामी ।।71।।

आपूर्यमाणम् - नित्य परिपूर्ण; अचल-प्रतिष्ठम् - दृढ़ ता पूर्वक स्थित; समुद्रम् - समुद्र में; आपः - नदियाँ; प्रविशन्ति - प्रवेश करती हैं; यद्वतः - जिस प्रकार; तद्वतः - उसी प्रकार; कामाः - इच्छाएँ; यम् - जिसमें; प्रविशन्ति - प्रवेश करती हैं; सर्वे - सभी; सः - वह व्यक्ति; शान्तिम् - शान्ति; आप्नोति - प्राप्त करता है; न - नहीं; काम-कामी - इच्छाओं को पूरा करने का इच्छुक ।

### भवार्थ

जो पुरुष समुद्र में निरन्तर प्रवेश करती रहने वाली नदियों के समान इच्छाओं के निरन्तर प्रवाह से विचलित नहीं होता और जो सदैव स्थिर रहता है, वही शान्ति प्राप्त कर सकता है, वह नहीं, जो ऐसी इच्छाओं को तुष्ट करने की चेष्ठा करता हो







### तात्पर्य

यद्यपि विशाल सागर में सदैव जल रहता है, किन्तु, वर्षाऋतु में विशेषतया यह अधिकाधिक जल से भरता जाता है तो भी सागर उतने पर ही स्थिर रहता है । न तो वह विक्षुब्ध होता है और न तट की सीमा का उल्लंघन करता है । यही स्थिति कृष्णभावनाभावित व्यक्ति की है । जब तक मनुष्य शरीर है, तब तक इन्द्रियतृप्ति के लिए शरीर की माँगे बनी रहेंगी । किन्तु भक्त अपनी पूर्णता के कारण ऐसी इच्छाओं से विचलित नहीं होता । कृष्णभावनाभावित व्यक्ति को किसी वस्तु की आवश्यकता नहीं होती क्योंकि भगवान् उसकी सारी आवश्यकताएँ पूरी करते रहते हैं । अतः वह सागर के तुल्य होता है ङ्क अपने में सदैव पूर्ण । सागर में गिरने वाली नदियों के समान इच्छाएँ उसके पास आ सकती हैं, किन्तु वह अपने कार्य में स्थिर रहता है और इन्द्रियतृप्ति की इच्छा से रंचभर भी विचलित नहीं होता । कृष्णभावनाभावित व्यक्ति का यही प्रमाण है ङ्क इच्छाओं के होते हुए भी वह कभी इन्द्रियतृप्ति के लिए उन्मुख नहीं होता । चूँकि वह भगवान् की दिव्य प्रेमाभक्ति में तुष्ट रहता है, अतः वह समुद्र की भाँति स्थिर रहकर पूर्ण शान्ति का आनन्द उठा सकता है । किन्तु दूसरे लोग, जो मुक्ति की सीमा तक इच्छाओं की पूर्ति करना चाहते हैं, फिर भौतिक सफलताओं का क्या कहना ङ्क उन्हें कभी शान्ति नहीं मिल पाती । कर्मी, मुमुक्षु तथा वे योगी ङ्क सिद्धि के कामी हैं, ये सभी अपूर्ण इच्छाओं के कारण दुखी रहते हैं । किन्तु कृष्णभावनाभावित पुरुष भगवत्सेवा में सुखी रहता है और उसकी कोई इच्छा नहीं होती । वस्तुतः वह तो तथाकथित भवबन्धन से मोक्ष की भी कामना नहीं करता । कृष्ण के भक्तों की कोई भौतिक इच्छा नहीं रहती, इसलिए वह पूर्ण शान्त रहते हैं ।

# भारत में भी 15-मिनट सिटी की जरूरत

दुनिया भर में 15 मिनट सिटी बनाने की कोशिश हो रही है, जहां शहर के एक छोर से दूसरे छोर तक पहुंचने में केवल 15 मिनट लगें। लेकिन भारतीय महानगरों में एक हिस्से से दूसरे हिस्से तक पहुंचना जंग जीतने से कम नहीं है, जिसमें 2 घंटे या उससे भी ज्यादा लग जाते हैं। हम हरित इमारतों (ग्रीन-सर्टिफाइड बिल्डिंग) का जश्न मना रहे हैं और औसत शहरवासी लचर व्यवस्था से बुरी तरह उकताया हुआ है। यह अजीब विरोधाभास है। हरित इमारतों को बढ़ावा देने में भारतीय शहर काफी आगे हैं। हाल में ही 1,400 हरित इमारत परियोजनाओं को मंजूरी देकर उत्तर प्रदेश सुर्खियों में रहा। ये परियोजनाएं 1.6 अरब वर्ग फुट में बनेंगी। दिल्ली में भी साइबर हब और साइबर पार्क ग्रीन सर्टिफिकेशन यानी पर्यावरण के अनुकूल होने का प्रमाणपत्र मिलने पर इतराए पड़े हैं। मगर सवाल यह है कि ऊर्जा बचाने वाली ऐसी लीड सर्टिफाइड मीनारों का क्या फायदा, जिनमें बने दफ्तरों के कर्मचारी रोजाना दो-दो घंटों तक संकरी और भीड़ भरी सड़कों पर फंसे रहें, गंदी हवा में सांस लेते रहें और पेट्रोल-डीजल जलाते रहें? पर्यावरण की चिंता केवल इमारतों के भीतर नहीं बल्कि पूरे शहर के काम करने के तरीके में दिखनी चाहिए।



अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) का अनुमान है कि दुनिया भर में 30 फीसदी ऊर्जा इमारतों के रखरखाव में खर्च होती है और 26 फीसदी उत्सर्जन भी उन्हीं से होता है। कुल मिलाकर एक तिहाई ऊर्जा खपत और उत्सर्जन दुनिया भर की इमारतों से ही होता है, जिसमें इमारतें बनाना, उन्हें गर्म या ठंडा रखना, घर-दफ्तर रोशन करना तथा उनमें लगे उपकरण चलाना भी शामिल है। इसलिए शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के लिए भारत और दुनिया में हरित इमारतें बहुत जरूरी हैं। उन्हें ऐसे बनाया जाता है कि कम से कम ऊर्जा में अधिक से अधिक काम हो जाए, जल संरक्षण तथा संसाधन प्रबंधन बेहतर हो ताकि पर्यावरण पर कम से कम असर पड़े। हरित इमारतें पैसिव कूलिंग (ऊर्जा के बजाय कुदरती तरीकों से इमारत ठंडी रखना) तकनीक, नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरण के अनूकूल सामग्री का इस्तेमाल कर कार्बन उत्सर्जन घटाती हैं तथा रहने वालों को ज्यादा आराम दिलाती हैं।

भारत भी इस मुहिम में जुट गया है और यूएस ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल हर साल लीड (लीडरशिप इन एनर्जी ऐंड एनवायरन्मेंट डिजाइन) के मामले में शीर्ष 10 देशों और क्षेत्रों की जो सालाना सूची जारी करती है, उसमें इस समय वह तीसरे स्थान पर है। 2024 में भारत में कुल 85 लाख वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाली 370 परियोजनाओं को लीड से प्रमाणपत्र मिले। भारतीय हरित भवन परिषद (आईजीबीसी) और अन्य प्रमाणन संस्थाओं ने लीड, गृह (ग्रीन रेटिंग फॉर इंटीग्रेटेड हैबिटेट असेसमेंट) तथा एज रेटिंग वाली व्यावसायिक एवं रिहायशी इमारतों के निर्माण को बढ़ावा देकर इस अभियान को आगे बढ़ाया है। कन्फेडरेशन ऑफ रियल स्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) ने 2030 तक 4,000 प्रमाणित हरित आवासीय परियोजनाओं को बढ़ावा देने के मकसद से आईडीबीसी के साथ हाथ मिलाया है।

हरित भवन जरूरी हैं मगर रामबाण नहीं हैं और पर्यावरण का ख्याल रखने वाले शहरीकरण की कोशिश में हमें यह बात ध्यान रखनी चाहिए। पर्यावरण को ताक पर रखने वाले शहर में हरित इमारत बना देना कोई मार्के की उपलब्धि नहीं कही जाएगी। टिकाऊपन का मतलब यह कतई नहीं है कि कोई इमारत ऊर्जा का कितना कारगर इस्तेमाल करती है बल्कि मतलब इस बात से है कि लोग शहर में कैसे आते-जाते हैं काम करते हैं और रहते हैं। अगर हम वास्तव में हरित शहर बनाने के लिए गंभीर हैं तो हमें प्रमाणन के साथ शहरी नियोजन पर भी दोबारा विचार करना होगा। हमें कम ऊर्जा खाने वाली इमारतों के साथ शहर को पैदल चलने लायक, सुगम और एकीकृत जन परिवहन वाला बनाने को तरजीह देनी होगी।

दिल्ली हो, बेंगलूरु हो या मुंबई हो, भारतीय महानगरों में दफ्तरी इलाके, बाजार और रिहायशी इलाके एक-दूसरे से मीलों दूर बने होते हैं। अब कोपेनहेगन जैसे शहर देखिए, जहां रोजाना 50 फीसदी आवाजाही साइकल पर होती है या सिंगापुर में बेमिसाल जन परिवहन व्यवस्था की वजह से शहरों में आवागमन बेहद कम कार्बन उत्सर्जन के साथ हो जाता है। इसलिए टिकाऊपन का मतलब यह नहीं है कि किसी इमारत के भीतर क्या हो रहा है बल्कि यह है कि बड़ी शहरी व्यवस्था में पर्यावरण की चिंता कैसे हो रही है। मगर भारत जैसी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में यह बदलाव आसान नहीं है। हां, शुरूआत जरूर की जा सकती है। जन परिवहन और यातायात को जोड़ना जरूरी है क्योंकि हरित इमारतें बेशक कार्बन उत्सर्जन घटाती हैं मगर शहर टिकाऊ तभी बनेंगे जब यह काम बहुत बड़े स्तर पर होगा।

दिल्ली, मुंबई और बेंगलूरु में मेट्रो का जाल फैल रहा है मगर घर से मेट्रो स्टेशन तक पहुंचना अब भी आसान नहीं है। बेतरतीब फुटपाथ, अनाप-शनाप किराये और साइकल लेन नहीं होने के कारण जन परिवहन में बहुत असुविधा होती है तथा लोग अपने वाहन से ही आना-जाना पसंद करते हैं। इतिहास टटोलें तो शहर वहां रहने वाले लोगों के लिए बनाए जाते थे। जयपुर, वाराणसी और हैदराबाद की पुरानी इमारतें बाजार, मंदिर और चौक के आसपास बनाई जाती थीं, जिससे लोग दफ्तर, बाजार या मनोरंजन के लिए पैदल ही चले जाते थे। आज देखिए तो भारत के शहर एकदम उलटे हो गए हैं। सड़कें बनती हैं, फुटपाथ दिखते ही नहीं हैं और हरियाली नई इमारतों की भेंट चढ़ती जा रही है। सुनियोजित और चलने लायक शहर में लोग थोड़ी दूर चलकर या साइकल चलाकर दफ्तर, स्कूल तथा पार्क पहुंच सकते हैं और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी कर सकते हैं। शहर में पर्यावरण, जन स्वास्थ्य और आर्थिक किफायत के लिए यह जरूरी है। जरा सोचिए कि आने-जाने में ही कई घंटे खर्च कर देने पर लोगों की उत्पादकता कितनी कम होती होगी, मनोरंजन कहां मिलता होगा और शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य पर कितना बुरा असर पड़ता होगा।

समय आ गया है कि हम हरित इमारतों की ही बात नहीं करें बल्कि उनके बीच शहरी जीवन को सहज, सरल बनाने पर भी ध्यान दें। लोग कैसे आते-जाते हैं, कैसे सार्वजनिक स्थानों तक पहुंचते हैं और शहरों को कैसे गाड़ियों या रियल्टी डेवलपरों नहीं बल्कि हर किसी के लिए बेहतर बनाया जाए। टिकाऊ शहर के लिए ऊर्जा की किफायत के साथ यह भी जरूरी है कि लोग उनमें आसानी से चल-फिर पाएं, जन परिवहन आसानी से मिले और शहरी ताने-बाने में हरियाली भी शामिल हो। चुनोती केवल बेहतर इमारत बनाने की नहीं है बल्कि शहरों को अधिक समावेशी, सेहतमंद तथा मजबूत बनाने की भी है।

# मी लॉर्ड, इंसाफ दिखना भी चाहिए

**(शशि शेखर)**

मैं अपनी उम्मीद को बनाए रखना चाहता हूं। ऐसा कहने की सबसे बड़ी वजह यह है कि हमारे सहयोगी प्रकाशन हिन्दुस्तान टाइम्स ने अपनी वेबसाइट पर शनिवार को यह खबर शाया की कि देश के प्रधान न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने अपने सहयोगी न्यायाधीशों को दिलासा दिया है।

सुकरात ने प्लूटो के साथ अपने ऐतिहासिक संवाद में एक गजब की बात कही थी- 'न्याय एक ऐसी भलाई है, जो व्यक्ति और राजनीति, दोनों के समृद्ध विकास के लिए जरूरी है।' दुनिया के न्यायविद् सदियों से समूचे एहतराम के साथ इसे अपना ध्येय वाक्य मानते आए हैं। पिछले दिनों दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के यहां आग लगने के बाद बड़ी संख्या में नोटों के बंडल जल जाने की खबर उड़ी, जिसने इंसाफ के पुजारियों के साथ देश के अवाम को भौचक्का कर दिया।

हालांकि, अभी तक ऐसा कोई प्रमाण सामने नहीं आया है, जो साबित कर सके कि वहां धनराशि मिली या नहीं? अगर नोटों की गड्डियां मिलीं, तो वे कितनी थीं?

शायद यह मामला दब गया होता, अगर मीडिया में इसकी खबर न उछली होती। इसी के बाद एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष जोरदार तर्कों के साथ मामला उठाया। यह सब चल ही रहा था कि न्यायमूर्ति वर्मा के इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरण की खबर आई। साथ ही, यह भी मालूम पड़ा कि सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को अपनी रिपोर्ट शाम तक सौंपने को कहा है।

कहा जा रहा कि रिपोर्ट सौंपी जा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में तीन जजों की एक कमिटी बनाई है। इस कमिटी में अलग-अलग हाईकोर्ट के जजों को शामिल किया गया है। फिलहाल न्यायमूर्ति वर्मा को न्यायिक कार्यों से दूर रखा गया है। अच्छा होगा कि आला अदालत जल्द से जल्द अपनी राय से देश की जनता को अवगत करा दे, क्योंकि जितने मुंह, उतनी बातों का दौर किसी भी स्वस्थ न्यायपालिका पर आम आदमी के भरोसे के लिए भला नहीं।

इसी बीच शुक्रवार को खबरों की दुनिया में यह भी तैरने लगा कि दिल्ली के दमकल विभाग ने उन समाचारों का खंडन किया है कि उन्हें वहां किसी भी तरह के नोटों का कोई बंडल मिला। इसने आग में घी का काम किया। टेलीविजन पर लाइव डिबेट के प्रतिभागी और सोशल मीडिया के हरकारे दाल में काला खोजने में जुट पड़े थे। इसी दौरान इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने भी सुप्रीम कोर्ट को दरख्वास्त भेज दी कि इस जज को भला हमारे यहां क्यों भेज रहे हैं? इलाहाबाद हाईकोर्ट कूड़ादान नहीं है। मामला भड़क रहा था कि दमकल विभाग की ओर से आग को और हवा मिल गई। उसका कहना था, हमने इस संबंध में कोई बयान नहीं दिया है।

आशंकाशास्त्रियों को इससे दोबारा मौका मिल गया। वे कहने लगे कि इस सारे मामले की रंगाई-पुताई की कोशिश की जा रही है। कुछ वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने तो इस दौरान बेहद कड़े शब्दों का प्रयोग करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट का कॉलेजियम सिस्टम इसलिए ईजाद किया गया था कि न्यायमूर्तिगणों को विशिष्ट दर्जा हासिल हो, ताकि उन्हें किसी भी तरह से बेवजह प्रताड़ित न किया जा सके। उन पर आरोप लगने पर सुप्रीम कोर्ट के पास ही जांच का हक हो। तमाम वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने इस कथित घटना के हवाले से कॉलेजियम और उसके औचित्य पर ही सवाल उठाने शुरू कर दिए।

उनका तर्क था कि यदि किसी नौकरशाह, पत्रकार, नेता अथवा वकील के यहां इतनी 'राशि' मिलती, तो सबसे पहले प्रवर्तन निदेशालय, यानी ईडी के अधिकारी उसे धर दबोचते। यदि वह राजकीय कर्मचारी होता, तो केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) सक्रिय हो चुकी होती और पुलिस की आर्थिक अपराध शाखाएं भी उस पर टूट पड़तीं। आनन-फानन में गिरफ्तारी होती और उसके बाद उस शख्स को लंबी कानूनी प्रक्रिया से गुजरना होता। न्यायमूर्तियों को मिले हुए विशेष अधिकार से वे इन झंझटों से बच जाते हैं।

यहां वेदनापूर्वक जस्टिस निर्मल यादव के मामले को भी याद किया गया। निर्मल यादव पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में न्यायाधीश थीं। उन पर 15 लाख रुपये रिश्वत लेने का आरोप था। इस पर जांच बैठी। सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की, मामला डेढ़ दशक से अधिक तक खिंचा, लेकिन निर्मल यादव का कुछ नहीं हुआ। जिस देश में आम लोग शक की बिना पर गिरफ्तार कर लिए जाते हों और सालोंसाल उनसे अदालतें यह उम्मीद करती हों कि वे अपनी निर्दोषिता साबित करें, वहां इस तरह के मामले चौंका जाते हैं।

दुर्भाग्य से न्यायमूर्ति वर्मा या निर्मल यादव अकेले नहीं हैं। कई न्यायमूर्तियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, कुछ पर साबित हुए, तो कुछ पर नहीं। हर बार यह मामला उठा कि न्यायाधीशों का विशेषाधिकार न्याय के रास्ते में रोड़ा बनता है। हालांकि, निजी तौर पर मैं मानता हूं कि न्यायमूर्तियों को विशेषाधिकार हासिल होना चाहिए, ताकि वे देश की जनता की अपेक्षाओं को पूरा कर सकें। इसमें कोई शक नहीं है कि अधिकांश न्यायमूर्ति यही कर रहे हैं। इसके बावजूद कुछ लोगों की कथनी या करनी न्यायपालिका को लांछित करती रहती है।

# नारी : संघर्ष से सशक्ति करण तक का सफर

## नारी : शक्ति, संघर्ष और अस्तित्व

**हुमा वारसी की कलम से**

कांधे पर जिसके रही हर एक जिम्मेदारी
जाने क्यूँ कमजोर रही फिर भी नारी

घर से लेकर देश चलाने तक की है होशियारी
जाने क्यूं फिर भी कागज़ोर रही नारी

माँ, बहस, बेटी और बहू बनी बारी बारी
जाने क्यूँ फिर भी कमज़ोर रही नारी

कभी दुर्गा तो कभी लक्ष्मी के रूप आरती उतारी
जानें क्यूं फिर भी कमजोर रही नारी !

## नारी का अस्तित्व

एक समय था जब सती प्रथा जैसी अमानवीय कुरीतियों के अधीन नारी को जीवित ही चिता पर बैठा दिया जाता था। समाज की रूढ़ियों ने उसे हमेशा कमजोर समझा, लेकिन नारी ने अपने संघर्ष और बलिदान से अपने अस्तित्व को साबित किया। रानी लक्ष्मीबाई, झलकारी बाई, पद्मावती जैसी वीरांगनाओं ने न केवल अपने अधिकारों के लिए बल्कि समाज को यह दिखाने के लिए भी लड़ाई लड़ी कि नारी केवल कोमल नहीं, बल्कि शक्तिशाली भी है।

समय के साथ नारी का अस्तित्व बदला है। अब वह केवल घर तक सीमित नहीं रही, बल्कि शिक्षा, राजनीति, विज्ञान, खेल और प्रशासन जैसे हर क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहरा रही है।

## शिक्षा में नारी का योगदान

शिक्षा के क्षेत्र में नारी ने अपने कौशल और बुद्धिमत्ता को सिद्ध किया है। आज हमारे पास कई



प्रसिद्ध महिला डॉक्टर, वैज्ञानिक, शिक्षाविद् और प्रशासक हैं। किरण बेदी जैसी प्रथम महिला आईपीएस अधिकारी ने यह साबित कर दिया कि नारी प्रशासनिक क्षेत्र में भी पुरुषों के बराबर खड़ी हो सकती है।

## खेलों में नारी की भागीदारी

खेल जगत में भी महिलाओं ने अपनी काबिलियत को साबित किया है। सानिया मिर्जा, मैरी कॉम, साक्षी मलिक, पी.वी. सिंधु, निकहत ज़रीन जैसी खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन कर रही हैं। चाहे कुश्ती हो, बॉक्सिंग हो या बैडमिंटन—हर खेल में नारी शक्ति अपना लोहा मनवा रही है।

## राजनीति में नारी का प्रभाव

राजनीति में भी महिलाओं ने अपनी दृढ़ता और नेतृत्व क्षमता से मिसाल कायम की है। इंदिरा गांधी से लेकर वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तक, महिलाओं ने यह दिखाया है कि वे देश की बागडोर संभालने में पूरी तरह सक्षम हैं। नारी सशक्तिकरण की दिशा में यह एक बड़ा कदम है, जिससे महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है।

## विज्ञान और अंतरिक्ष में नारी की भूमिका

कल्पना चावला, सुनीता विलियम्स और टेसी थॉमस जैसी वैज्ञानिक महिलाओं ने यह साबित किया है कि नारी न केवल धरती पर, बल्कि अंतरिक्ष में भी अपनी पहचान बना सकती है। भारत के मंगल और चंद्र अभियानों में महिला वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिससे यह साफहोता है कि विज्ञान के क्षेत्र में भी नारी पुरुषों से किसी तरह कम नहीं है।

## समान अधिकारों की लड़ाई

भले ही महिलाओं ने हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त की है, फिर भी समाज में उन्हें समान अधिकार पूरी तरह से नहीं मिले हैं। पारिवारिक, सामाजिक और सरकारी स्तर पर कई बार महिलाओं को उनके हक से वंचित किया जाता है। लेकिन नारी ने हर वर्ग में अपनी जगह बनाकर यह साबित कर दिया है कि वह किसी से पीछे नहीं है।

## नारी सुरक्षा : एक अहम मुद्दा

आज भी नारी सुरक्षा एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है। जिस देश में नारी को देवी के रूप में पूजा जाता है, वहीं निर्भया जैसी घटनाएं नारी सुरक्षा पर सवाल खड़े कर देती हैं। समाज को यह समझना होगा कि केवल कानून बनाने से नहीं, बल्कि मानसिकता बदलने से ही महिलाओं को सच्ची सुरक्षा मिल सकती है।

## नारी : एक शक्ति, न कि कमजोरी

नारी केवल कमजोर नहीं, बल्कि शक्ति का स्वरूप है। चाहे वह एक माँ के रूप में हो, एक बहन के रूप में, एक बेटी के रूप में या एक पत्नी के रूप में—हर रूप में वह समाज की नींव है। हमें नारी का सम्मान करना चाहिए और उसे वह सभी अधिकार देने चाहिए, जिनकी वह हकदार है।

**नारी का सम्मान, समाज की शान**

गदा यात्रा में गूँजे हिन्दू राष्ट्र के जय घोष

# आर्थिक मजबूती से सुरक्षा की गारंटी नहीं है परंतु हिन्दू के संगठित होने से सुरक्षा की गारंटी जरूर है : दीपांकर स्वामी





## हिन्दू नव वर्ष एवं हिन्दू सेवा परिषद् त्रायोदश स्थापना दिवस पर निकली ऐतिहासिक गदा यात्रा, भिक्षा यात्रा हुई

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

हिन्दू सेवा परिषद् के त्रायोदश स्थापना दिवस एवं हिन्दू नववर्ष के अवसर पर रविवार को नौदरा ब्रिज स्थित हनुमान मंदिर से गदा यात्रा निकाली गई। गदा यात्रा में हिन्दू राष्ट्र की हुंकार के साथ भारत माता और जय जय श्रीराम के गगन भेदी जयघोष गूँजते रहे। डॉ स्वामी मुकुंददास महाराज, स्वामी पगलानंद महाराज एवं उत्तर प्रदेश से प्रखर हिन्दू वक्ता सन्यासी दीपांकर स्वामी जी तथा हिन्दू जनजागृति के प्रचारक श्री आनंद जाखोटिया जी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस गदा यात्रा में दीपांकर स्वामी ने भीक्षा यात्रा भी प्रारंभ कर दी। 890 दिनों से लगातार 6 राज्यों में पैदल चलकर हिंदुओं को एक करने हेतु भिक्षा यात्रा स्वामी जी के द्वारा चलाई जा रही है, उसी कड़ी में आज जबलपुर मध्य प्रदेश में पहली बार इस यात्रा में स्वामी जी ने भिक्षा मांगी। कार्यक्रम में पधारे स्वामी दीपंकर ने कहा कि हिंदू के संगठित होने से ही उसकी सुरक्षा की गारंटी है, यह भी वक्तव्य में कहा कि प्रत्येक हिन्दू परिवार को हिन्दू संगठनों से जोड़ने की आवश्यकता है, यह भी मंच से कहा कि धर्म से बड़ी जाति नहीं होती, हम सिर्फ सनातन है यह कभी भूला नहीं चाहिए, हिंदुओं को जात-पात से हटकर कार्य करना होगा। स्वामी जी ने यह भी कहा कि भारत को वक्त बोर्ड के नियमों से मुक्त कराकर अखंड हिन्दू राष्ट्र की स्थापना करनी है।

### जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा

परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने बताया कि गदा यात्रा का मुख्य आकर्षण 31 फिट की मिट्टी की भगवा गदा रहा। गदा यात्रा में गदा के अलावा 3 दुर्लभ झाकियाँ, बैण्ड बाजे, ढोल, डीजे एवं भगवा ध्वज शामिल रहे। यात्रा में हनुमान जी की 10 फीट की जीवंत झांकी एवं शिव तांडव की सजीव प्रस्तुति का विशेष आकर्षण रहा। गदा यात्रा श्री हनुमान जी के मंदिर से यात्रा प्रारंभ होकर करमचंद चौक, तुलाराम चौक, अंधेरदेव, खजांची चौक, कमानिया गेट, फुहारा, लार्डगंज, सुपर मार्केट से होते हुए मालवीय चौक में धर्म सभा के रूप में सम्पन्न हुई।

### मंदिर में हुआ पूजन

यात्रा प्रारंभ होने के पूर्व हनुमान जी के मंदिर में संतो की अगुवाई में महाआरती कर भगवा ध्वज दिखाकर गदा यात्रा प्रारंभ की गई। गदा यात्रा में 11 हजार से भी ज्यादा भक्त शामिल हुए। इस दौरान भारत हिन्दू राष्ट्र बने तथा हिन्दुओं की एकता का संदेश दिया गया।

### मट्ठा पिलाकर स्वागत किया

गदा यात्रा का स्वागत बड़े फुहारा खुन्नेलाल एंड कंपनी आयुर्वेदिक दवाई की दुकान के सामने नमकीन लस्सी मट्ठा पिलाकर किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट की अध्यक्ष शरद अग्रवाल, नर्मदा महा आरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल आदि उपस्थित थे

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर अतुल जेसवानी, नितिन सोनपाली, सौरभ जैन , गौरव साहू, धीरज ज्ञानचंदानी, पंकज कुशवाहा, दीपक विश्वकर्मा, संदीप कच्छवाहा, अभिषेक अहिरवार, उमेश रजक,विनय राजपूत, अंकित साहू, सचिन पटेल, अमित कोल , पप्पू सेन, अक्षय शुक्लाएवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# रामनवमी शोभायात्रा की अंतिम बैठक आज

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

नरसिंह मन्दिर में श्री सनातन धर्म महासभा के यूथ सदस्यों ने बैठक करके निर्णय लिया कि आगामी 6 अप्रैल को सांयकाल 6 बजे श्रीमद जगतगुरू डॉ स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज के सानिध्य में निकलने वाली विशाल रामनवमी शोभा यात्रा का भव्य स्वागत श्री सनातन धर्म तिराहे पर पीत वस्त्र धारण कर-के हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ और आतिश बाजी से होगा जिसमें हजारों युवा शामिल होंगे।

इस अवसर पर महासभा यूथ के संयोजक अंशुल मलिक, अमित बाईस, शिवेंद्र राजपूत, अंकुर माहेश्वरी, अमित केशरवानी दीपक वर्मा, के के दुबे, जितिन नारंग, भवानी अग्रवाल, एसके सदानी, रौनक गुप्ता, विनय सोनी, मयंक अरोड़ा,रितेश अग्रवाल, कुशराग राजपाल, पियर बाबू राय, प्रियांश कपूर, अजय जग्गी, मिकी माखीजा, आशीष कपूर, मयूर गुलाटी आदि उपस्थित थे। बैठक महासभा के अध्यक्ष श्याम साहनी, शरद काबरा, रमेश शर्मा, कृष्ण कुमार बस्सी, संदीप मिश्रा की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। श्री राम प्राकट्योत्सव शोभा यात्रा की तैयारियों की अंतिम बैठक श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान में आज प्रातः 11 बजे श्री राम मन्दिर मदन महल में श्रीमद जगतगुरू डॉ स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज के सानिध्य में आयोजित है।

# आज से शुरू हो रहा 4 दिवसीय चैती छठ



फाईल फोटो

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

लोक आस्था का महापर्व छठ हर साल चैत्र व कार्तिक महीने में मनाया जाता है। पूर्वांचल के लोग दोनों छठ पूजा का पर्व बड़े धूमधाम से मनाते हैं। चैत्र महीने की छठ पूजा को चैती छठ इसके बाद षष्ठी तिथि को संध्या अर्घ्य और सप्तमी तिथि को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इस पर्व का समापन होता है। मान्यता है कि सूर्यदेव की पूजा करने से आरोग्य का आशीर्वाद प्राप्त होता है और संतान से जुड़े कष्ट दूर होते हैं।

### चैती छठ कब से प्रारंभ होगा:

सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व चैती छठ आज नहाय-खाय से प्रारंभ हो रहा है। कल खरना है। उत्तर प्रदेश बिहार महासंघ महिला शाखा की महामंत्री श्रीमती अन्नु सिंह ने बताया कि नहाय-खाय के दिन व्रती स्नान-ध्यान करके सूर्यदेव व कुल देवी-देवता की पूजा करते हैं। इसके बाद प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस दिन चावल, चने की दाल व कद्दू की सब्जी खाने की परंपरा है। खरना के दिन व्रती महिलाएं पूरे दिन व्रत करती हैं और शाम को पूजा के बाद प्रसाद ग्रहण करती हैं। 3 अप्रैल को पहला अर्घ्य और 4 अप्रैल को उगते हुए सूर्य को जल अर्पण करने के साथ ही छठ पर्व संपन्न होगा।

### षष्ठी तिथि और शुभ मुहुर्त :

हिंदू पंचांग के अनुसार, षष्ठी तिथि 02 अप्रैल 2025 को रात 11 बजकर 49 मिनट पर प्रारंभ होगी और षष्ठी तिथि का समापन 03 अप्रैल 2025 को रात 09 बजकर 41 मिनट पर होगा।

3 अप्रैल को संध्या अर्घ्य का सायंकाल 06 बजकर 40 मिनट। 4 अप्रैल को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य प्रातः काल 06 बजकर 08 मिनट।

# भक्तिधाम में विराजमान हुई मां भुवनेश्वरी

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर भक्तिधाम गौरीघाट में स्वामी अशोकानंद के करकमलों से मां भुवनेश्वरी देवी का अनुपम दक्षिण भारतीय पद्धति से निर्मित विग्रह प्राण प्रतिष्ठित हुआ। भगवती पराम्बा भुवनेश्वरी देवी का जलाधिवास अन्नधिवास, फलाधिवास, औषाधिवास, पुषपाधिवास, नवग्रह अष्ट मातृकाएं, 64 योगिनी, श्री पूजन,षोडशोपचार पूजन अर्चन आचार्य दीपक शर्मा , आचार्य रामफल शास्त्री सहित आचार्य गणों ने संपन्न कराया। प्राण प्रतिष्ठा विधि में करिश्मा शर्मा, विधायक अभिलाष पांडे, कीर्ति पांडे, आशीष लालू, वेदांत शर्मा, केवल सावलानी,राजा सावलानी, विजय पंजवानी, इशिता शर्मा,उमेश पारवानी, पप्पू लालवानी, पुष्पराज तिवारी सहित भक्त जनों की उपस्थिति रही।





# मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

भाव विभोर होकर खूब नाचे लाल रंग से रंगे राम भक्त

### श्रीराम मंदिर मदन महल में दस दिवसीय श्रीराम जन्मोत्सव में माता की चौकी

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन भी उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। बड़ी खेरमाई मंदिर, बगलामुखी मंदिर त्रिपुर सुंदरी मंदिर, बूड़ी खेरमाई मंदिर सहित शहर के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ी। मंदिरों में जहां सुबह से ही जल अर्पित करने भीड़ रही। वहीं शाम को भी मंदिरों में पूजन और आरती हुई। इसी क्रम में अधारताल स्थित विवेक कॉलोनी स्थित शिव-पर्वती मंदिर में भी सामूहिक आरती का कार्यक्रम संपन्न हुआ। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। लाल लाल चुनरी ये गोटे वाली जिसे पहनकर आयी मां शेरावाली, मेरी झोपडी के भाग्य खुल जायेंगे जब राम आयेंगे, जय जय जय बजरंग बली, आनंद ही आनंद बरस रहा मां तुम्हारे चरणों में, आ मां आ तुझे दिल ने पुकारा जैसे मधुर संगीत मय भजन और देवी गीत श्री राम मंदिर मदन महल मे माता की चौकी में प्रसिद्ध देवी गीत गायक अजीत मिनोचा, ईशान मिनोचा ने लाल रंग में रंगे राम भक्तों देर रात तक सुनायें जिन्हें सुनकर भक्त खुशी से झूम उठे। पं रामकुशल पांडे, गुलशन मखीजा मनोज शर्मा ने बताया कि , मंदिर में नव दिवसीय अखंड राम चरित मानस पाठ बैठकी, दुर्गा सप्तशती पाठ,नवग्रह स्थापना, श्रीराम दरबार विग्रह का महाभिषेक श्रृंगार हुआ। राम महामहोत्सव में प्रतिदिन संत महात्माओं गणमान्य लोगों व्दारा संध्या काल में श्रीराम आरती हुई। माता की चौकी में संयोजक गुलशन मखीजा,रमेश शर्मा, गीता पांडे, मनोज शर्मा, जितिन नारंग,मनीष पोपली, नंदकिशोर अग्रवाल,शैलू कपूर,अनिल जग्गी,राहुल सहगल,पुनीत गुलाटी,योगेश अबरोल,नवीन हांडा, विजया अरोरा, गीता पांडे, नीरा मखीजा, प्रेम गुलाटी, नीरू शर्मा, संगीता शर्मा, सोनिया नारंग, मंजू वर्मा, सुनीता पोपली, अनिता अग्रवाल, रूकमणि अग्रवाल, सुनीता अरोरा, रमन पांडे, पवन मरवाहा सहित बड़ी संख्या में श्री राम मन्दिर समिति,महिला मंडल,नवयुवक मंडल के भक्त जनों की उपस्थिति रही।

# सवानंद से सवाजीत बनने के लिए कितने जतन

संत रामपाल महाराज के दिव्य सत्संग से गूंजा सत्यज्ञान



### परमात्मा स्वयं सतलोक से पृथ्वी पर आकर तत्वदर्शी संत की भूमिका निभाते हैं

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

जबलपुर जिले/से लगभग 30 किलोमीटर दूर कृषि उपज मंडी शहपुरा में संत रामपाल महाराज के अनुयायियों द्वारा एक दिवसीय सत्संग जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन एलसीडी स्क्रीन के माध्यम से किया गया, जिसमें जबलपुर जिले सहित ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालु सत्संग सुनने के लिए एकत्रित हुए। दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक चला इस सत्संग में संत रामपाल महाराज ने तत्वदर्शी संत की पहचान पर विस्तृत व्याख्या प्रस्तुत की सवाजीत से परमात्मा जी ने पूंछा की ब्रह्मा विष्णु महेश के माता-पिता कौन है हमको बताओ तब सवाजीत सोच में पड़ गया कबीर जी से नाम दीक्षा ली महिमा से परचित करवाया । उन्होंने बताया कि तत्वदर्शी संत वह होता है जो संसार रूपी वृक्ष के सभी भागों को स्पष्ट रूप से वर्णित करता है। संत रामपाल जी महाराज ने वेदों और शास्त्रों के प्रमाणों के आधार पर यह स्पष्ट किया कि केवल वही तत्वदर्शी संत हैं, जो वास्तविक आध्यात्मिक ज्ञान का प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि परमात्मा स्वयं सतलोक से पृथ्वी पर आकर तत्वदर्शी संत की भूमिका निभाते हैं। इसका प्रमाण वेदों में भी उपलब्ध हैः

ऋग्वेद मंडल 9, सूक्त 86, मंत्र 26-27
ऋग्वेद मंडल 9, सूक्त 82, मंत्र 1-2
ऋग्वेद मंडल 9, सूक्त 96, मंत्र 16-20

इन वेद मंत्रों में स्पष्ट किया गया है कि परमात्मा जब-जब पृथ्वी पर अज्ञान और अधर्म बढ़ता है, तब वे स्वयं सशरीर प्रकट होकर यथार्थ आध्यात्मिक ज्ञान का प्रचार करते हैं। वे अपने प्रवचनों को कविताओं, साखियों और चौपाइयों के माध्यम से समझाते हैं, इसलिए उन्हें "प्रसिद्ध कवि" भी कहा गया है। संत रामपाल महाराज ने सत्संग में "तत्वज्ञान" का महत्व समझाया और बताया कि जो तत्वदर्शी संत होता है, वही सत्य आध्यात्मिक ज्ञान देकर मानव जाति का उद्धार कर सकता है। इस सत्संग से श्रद्धालुओं को शास्त्रों के अनुरूप परमात्मा की वास्तविक पहचान और मोक्ष प्राप्ति का सही मार्ग समझने का अवसर मिला।

# साहित्य सत्संग में मनीषियों ने की ज्ञान रस वर्षा

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

प्रेम प्रकृति के जड़ चेतन में समाहित है, प्रेम ही मनुष्य को मनुष्य से जोड़ता है। विजय बागरी का सृजन जीव, जगत और परमात्मा से प्रेम का प्रतीक है ।तदाशय के उद्गार पाथेय संस्था के तत्वावधान में कविवर विजय बागरी (कछारगांव कटनी) की तीन कृतियाँ पुष्प वाटिका (खण्ड काव्य), महके नेह निकुंज (दोहा सतसई) एवं कहाँ चली तुम बसंत बदने (गीत संग्रह) का विमोचन एवं अलंकरण समारोह में अतिथियों ने कला वीथिका में व्यक्त किये। समारोह के मुख्य अतिथि देश के लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार,भाषा विज्ञानी डॉ. श्याम सनेहीलाल शर्मा (फिरोजाबाद)थे। अध्यक्षता महाकवि आचार्य भगवत दुबे अध्यक्ष कादम्बरी संस्था ने की। विशिष्ट अतिथि विद्वान समीक्षक रमेश पंडित (आगरा), शिक्षाविद डॉ.श्रीकृष्ण तिवारी, वरिष्ठ साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक सिहोरा एवं प्रो.डॉ. सुनीता सिंह सुधा (हिसार हरियाणा)थीं। प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत विजय नेमा,संतोष नेमा,विनीता श्रीवास्तव,मिथलेश बड़गैयाँ प्रतिमा अखिलेश ने किया ।वंशिका बागरी,अर्चना गोस्वामी एवं ब्रजेश शर्मा ने काव्य का सस्वर प्रस्तुतिकरण किया। संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने विजय बागरी के व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डाला ।मुख्य अतिथि ने तीनों कृतियों पर विचार व्यक्त करते हुए इन्हें लोक मंगल की ज्ञानमय कृतियाँ बताया ।आचार्य भगवत दुबे ने कहा चेतनामय साहित्य ही श्रेष्ठता का प्रतीक होता है।



# आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से निराकृत करें : मंत्री सिंह

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने आज मदन महल के पास नागपाल गार्डन में स्थित कार्यालय में कार्यकताओं एवं आमजनों से भेंट की। इस दौरान लोगों ने सड़क व नाली निर्माण, मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान से गंभीर बीमारी के ईलाज के लिये सहायता, पात्रता पर्ची, साफ-सफाई, आयुष्मान कार्ड में सुधार तथा वृद्धावस्था और कल्याणी पेंशन दिलाने का आवेदन दिया। मंत्री सिंह ने लोगों के पास जाकर आवेदन लिये साथ ही उनकी समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किये कि वे आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से निराकृत करें।

# वास्तु के अनुसार घर में करें ये बदलाव



**घर में वास्तु नियमों का ध्यान रखने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहता है और परिवार में सुख समृद्धि आती है। कई परिवारों में फेंगशुई टिप्स को अपनाया जाता है। ऐसे में आप भी घर में ये छोटे-छोटे बदलाव करके जीवन में इसके सकारात्मक परिणामों का अनुभव कर सकते हैं।**

### मुख्य द्वार के नियम

वास्तु शास्त्र में मुख्य द्वार को बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है, क्योंकि इसी स्थान से सकारात्मक ऊर्जा अंदर प्रवेश करती है। फेंगशुई के नियमों के अनुसार, आपका प्रवेश द्वार एकदम साफ सुथरा होना चाहिए। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखें कि घर के प्रवेश द्वार पर रोशनी भी पर्याप्त रूप से होनी चाहिए। प्रवेश द्वार पर अंधेरा सही नहीं है।



### लगाएं ये पौधे

वास्तु शास्त्र में कुछ पौधों को घर में लगाना अत्यंत शुभ माना गया है। जिसमें बांस, मनी प्लांट, जेड प्लांट, लिली प्लांट को बहुत ही शुभ माना गया है। इन्हें घर में लगाने से नकारात्मक ऊर्जा दूर बनी रहती है। साथ ही धन में भी के भी योग बनते हैं। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि घर के अंदर कभी भी नुकीली पत्तियों वाले पौधों को नहीं लगाना चाहिए।



### रखें ऐसी मूर्तियां

वास्तु शास्त्र में घोड़े को तरक्की और सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में आप अपने घर में घोड़े की मूर्ति को घर रख सकते हैं। इसके साथ ही फेंगशुई में घर पर लाफिंग बुद्धा रखना भी काफी शुभ माना गया है। इससे जीवन में समृद्धि का वास बना रहता है। इसके साथ ही फेंगशुई के अनुसार, घर पर कछुए की मूर्ति रखने से तमाम तरह की परेशानियों से छुटकारा मिल सकता है।

# बेदाग निखरी त्वचा पाने के लिए घरेलू फेस पैक्स

**स्किन केयर सिर्फ महंगे प्रोडक्ट्स से ही नहीं बल्कि, घर पर बनाए कुछ फेस पैक्स से भी किया जा सकता है। नेचुरल चीजों के इस्तेमाल से बनते हैं। इसलिए इनसे एलर्जी या रिएक्शन का खतरा कम होता है, लेकिन फिर भी पैच टेस्ट जरूर करना चाहिए। कुछ खास चीजों का इस्तेमाल करके स्किन को जवां और खूबसूरत बनाए रखने में काफी मदद मिलती है। इन्हीं चीजों में किशमिश भी शामिल है। किशमिश में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो स्किन हेल्थ के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। विटामिन, मिनरल्स और एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर किशमिश के कई तरह के फेस पैक्स घर पर बना सकते हैं, जो स्किन की अलग-अलग परेशानियों को दूर करने में मदद करेंगे। आइए जानते हैं, किशमिश से बनने वाले कुछ फेस पैक्स के बारे में..**



**किशमिश और दूध फेस पैक :-** इस फेस पैक को बनाना बहुत ही आसान है। इसे बनाने के लिए एक कटोरी में एक चम्मच भीगी हुई किशमिश का पेस्ट और दो चम्मच दूध लेकर अच्छे से मिक्स करें और इसे अपने चेहरे और गर्दन पर अच्छे से लगाएं और 15 मिनट बाद चेहरा धो लें। आपकी स्किन मुलायम और निखरी हुई बनेगी।

### किशमिश और चावल का आटा फेस पैक

इसे बनाने के लिए एक कटोरी में एक चम्मच भीगी हुई किशमिश का पेस्ट और एक चम्मच चावल का आटा और एक चम्मच गुलाब जल को मिलाकर अच्छे से पेस्ट बना लें फिर इसे अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। आधे घंटे बाद नॉर्मल पानी से धो लें। इस फेस पैक से आपकी स्किन के डेड सेल्स साफ होंगे और चेहरा खिला-खिला नजर आएगा।

### किशमिश और शहद फेस पैक

एक कटोरी में एक चम्मच शहद में दो चम्मच भीगी हुई किशमिश का पेस्ट और बहुत थोड़ा-सा हल्दी पाउडर डालकर अच्छे से मिक्स करें और अपने चेहरे पर अच्छे से लगाएं और फिर 20 मिनट बाद धो लें। इससे स्किन मॉइस्चराइज्ड रहेगी और मुंहासों की समस्या भी कम हो सकती है।

### किशमिश और बादाम दूध

एक चम्मच बादाम दूध में एक चम्मच भीगी हुई किशमिश का पेस्ट मिक्स करें और इसे अपने चेहरे पर लगाएं और फिर 15-20 मिनट बाद नॉर्मल पानी से धो लें।



### किशमिश और दही पैक

दो चम्मच दही, एक चम्मच हल्दी पाउडर और एक चम्मच भीगी हुई किशमिश का पेस्ट मिक्स करें और इसे अपने चेहरे पर लगाएं और फिर 30 मिनट बाद इसे नॉर्मल पानी से धो लें।



### किशमिश और चंदन फेस पैक

एक कटोरी में एक चम्मच भीगी हुई किशमिश का पेस्ट, एक चम्मच चंदन फेस पैक और अंदाजे से दूध को मिक्स करके अपने चेहरे पर लगाएं और फिर इसे सूख जाने पर धो लें।



### किशमिश और नारियल दूध फेस पैक

एक चम्मच भीगी किशमिश के पेस्ट में थोड़ा-सा नारियल का दूध मिक्स करें और इसे अपने चेहरे पर लगाएं 25 मिनट बाद नॉर्मल पानी से धो लें।



# पीठ के दर्द से कैसे पाएं आराम?

**हमारी लाइफस्टाइल में इतने बदलाव हो चुके हैं कि उनका प्रभाव हमारी सेहत पर भी नजर आता है। लंबे समय तक बैठे रहना, फिजिकल एक्टिविटी कम करना, खराब डाइट, जैसे कई कारण हैं, जिनकी वजह से हमें सेहत से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन्हीं परेशानियों में एक समस्या है पीठ का दर्द। पीठ दर्द की समस्या अब न केवल बुजुर्गों में बल्कि, युवाओं में भी काफी देखने को मिलती है। आपको बता दें कि आपकी रोज की एक्टिविटीज की वजह से भी पीठ का दर्द हो सकता है। गलत तरीके से बैठने की वजह से, गलत तरीके से एक्सरसाइज करने से, चोट या मांसपेशियों में खिंचाव की वजह से भी पीठ में दर्द हो सकता है। इसलिए अगर आप भी पीठ दर्द से परेशान हैं, तो आपको जरूर जानना चाहिए कि ऐसा क्यों होता है और कैसे इससे आराम मिल सकता है। आइए जानें।**

### एक्सरसाइज करें

एक्सरसाइज करने से आपकी हड्डियां और मांसपेशियां मजबूत बनते हैं। इसलिए रोज कम से कम 30 मिनट हल्की से मॉडिरेट एक्सरसाइज करने से पीठ दर्द से बचाव होता है और इससे राहत भी मिलती है। एक्सरसाइज करने से शरीर लचीला बनता है और मांसपेशियों का तनाव कम होता है। इसके लिए वॉक करना, योग, स्ट्रेचिंग काफी मददगार हो सकते हैं। हालांकि, अगर आपकी पीठ में दर्द है, तो अपने फीटनेस ट्रेनर की निगरानी में एक्सरसाइज करें।

### बॉडी पोश्चर सुधारें

खराब पोश्चर की वजह से पीठ का दर्द हो सकता है। इसलिए बैठते, उठते, सोते और खड़े होते समय सही पोश्चर बनाएं। इससे पीठ में दर्द होने की संभावना कम होती है और पीठ दर्द की समस्या भी कम होती है। इसके लिए सीधी पीठ में बैठना, कंधों को सीधा रखना, सही और आरामदायक कुर्सी का इस्तेमाल करने से पोश्चर को सही बनाए रखने में मदद मिलती है। साथ ही, भारी सामान उठाते समय भी सही तकनीक का इस्तेमाल करें और जरूरत पड़े तो मदद लें। इससे पीठ पर जोर कम पड़ेगा और दर्द नहीं होगा और अगर दर्द है, तो ज्यादा बढ़ेगा नहीं।



### गर्म-ठंडी थेरेपी अपनाएं

पीठ की सूजन कम करने के लिए बर्फ का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा, मांसपेशियों के दर्द को कम करने के लिए गर्म पानी से सिकाई भी कर सकते हैं। इसके अलावा, गर्म पानी से नहाने से भी मांसपेशियों को रिलैक्स करने में मदद मिलती है।

### डॉक्टर की मदद लें

*अगर आपकी पीठ में काफी लंबे समय से दर्द हो रहा है और एक्सरसाइज आदि से भी ठीक नहीं हो रहा, तो आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए, ताकि पीठ दर्द का कारण पता चल सके और समय से इलाज हो सके।*

# पंखा साफ करने के आसान तरीके

**अक्सर पंखे की सफाई करने के लिए हमें स्टूल या सीढ़ी का इस्तेमाल करना पड़ता है, जो कि कभी-कभी खतरनाक भी होता है, लेकिन अगर आपको ऐसा तरीका मालूम हो जो सेफ भी हो और आपके पंखे को आसानी से साफ भी कर दे, तो कितना अच्छा होगा। आज हम आपको बताएंगे खास तरीके जिससे आप बिना स्टूल या सीढ़ी के अपने पंखे को साफ कर सकते हैं। यह तरीका न सिर्फ सेफ है, बल्कि इससे आपका समय भी बचेगा और पंखे अच्छे से साफ हो जाएगा। आइए जानते हैं यहां..**



- फैन क्लीनर स्टिक का उपयोग करें :- फैन क्लीनर स्टिक एक लंबे हैंडल वाला डस्टर होता है, जिसमें एक सिरे पर कपड़ा लगा होता है। यह बाजार में आसानी से उपलब्ध है और इसकी मदद से आप बिना ऊंचाई पर चढ़े पंखे के ब्लेड्स को अच्छी तरह से साफ कर सकते हैं।
- वैक्यूम क्लीनर का उपयोग :- वैक्यूम क्लीनर भी पंखे की सफाई में मदद कर सकता है। वैक्यूम का हैंडल पकड़ें और इसे पंखे के नीचे लेकर जाएं। धूल और गंदगी वैक्यूम में चली जाएगी और आपका पंखा साफ हो जाएगा।
- डस्टर का उपयोग करें :- लंबे हैंडल वाला डस्टर आपके पंखे की पंखुड़ियों तक आसानी से पहुंच सकता है। डस्टर को पंखे की पंखुड़ियों पर फिराएं ताकि सारी धूल हट जाए।
- माइक्रोफाइबर क्लॉथ का इस्तेमाल करें :- डस्टिंग के बाद, माइक्रोफाइबर क्लॉथ को सफाई के स्प्रे से गीला करें और पंखुड़ियों को अच्छी तरह से पोंछें। यह कपड़ा धूल के कणों को अच्छी तरह से पकड़ लेगा और आपके पंखे को चमका देगा।



# आयुर्वेद के अनुसार खाने-पीने का सही तरीका

पेट से जुड़ी बीमारियां आजकल आम हो गई हैं। बदलती जीवनशैली की वजह से यह समस्या बढ़ रही है। इसलिए पेट को स्वस्थ रखने के लिए अच्छा भोजन करना जरुरी है। अच्छा खाना पाचन से जुड़ी दिक्कतें दूर करता है। आयुर्वेद के अनुसार खाने-पीने का तरीका भी स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। ऐसे में खाते समय कुछ खास नियमों का पालन करना ही बेहतर माना जाता है। इससे हमें पेट को बीमारियों से छुटकारा मिलता है।

*आराम से बैठकर भोजन करें :-* खाने को आराम की मुद्रा में और आराम से बैठकर खाना खाना चाहिए।

*टीवी और कंप्यूटर से दूर रहें :-* खाते समय टीवी न ऑन हो, न ही कोई किताब पढ़ें और न ही लैपटॉप का इस्तेमाल करें।

*उचित मात्रा में ही भोजन करें :-* उचित मात्रा में खाना खाना चाहिए। हर किसी के पेट की जरूरत अलग होती है और अपने साइज के अनुरूप खाएं। इसके साथ ही भूख मिटने तक ही खाएं।

*बहुत ठंडा या गरम न खाएं :-* गर्म खाना खाएं जो कि तुरंत बना हुआ हो। पेट को स्वस्थ रखने के लिए फ्रिज से निकले खाने को खाने से बचना चाहिए। इससे पाचक एंजाइम असर करते हैं।

*भोजन की तासीर का ध्यान रखें :-* विपरीत तासीर की चीजें एक साथ न खाएं। उदाहरण के लिए फल के ऊपर या साथ दूध का सेवन न करें, दूध और चिकन साथ न खाएं।

*आराम से भोजन करें :-* ज्यादा तेजी से न खाएं, निवाले को निगलें नहीं पूरा समय लेकर भोजन को चबाएं। पाचन बेहतर करने में खाने को चबाकर खाना एक अहम प्रक्रिया है। ध्यान रहे, हमेशा खाना समय पर करें। एक निश्चित अंतराल पर भोजन करने से पाचन ठीक रहता है।

# घी की शुद्धता जांचने के लिए इन तरीकों को अपनाएं...

घी हमारी सेहत के लिए बेहद जरूरी है। स्वाद और सेहत को देखते हुए हम खाने में घी का इस्तेमाल करते हैं। शुद्ध घी का दाम बहुत अधिक होता है। कई बार व्यापारी इसमें बड़ा मुनाफा कमाने के लिए मिलावट कर देते हैं। मिलावटी घी खाने से हमें फायदे के बदले बहुत नुकसान झेलना पड़ सकता है। मिलावटी और नकली घी हमें बाजार में थोड़ा सस्ता मिल सकता है। पैसे बचाने के चक्कर में ग्राहक अपनी सेहत को दांव पर लगा देते हैं। घी में मिलावट करने के लिए वनस्पति घी, खराब गुणवत्ता का तेल, वेजिटेबल तेल, पिघला हुआ बटर, हाइड्रोजेनेटेड तेल, मसला हुआ आलू, मसला हुआ जिमीकंद और शकरकंद भी मिलाया जाता है। घी में ये चीजें आसानी से मिक्स हो जाती हैं और ऐसे देखने से पहचानी नहीं जाती। इसलिए बेहद जरूरी है कि हमें असली और नकली घी का अंतर पता हो ताकि शरीर को कोई नुकसान न पहुंचे, घी की शुद्धता जांचने के लिए इन तरीकों को अपनाएं। घी में मिलाई जाती हैं ये चीजें. . .



__पानी से करें पहचान__ – पानी से असली देसी घी की पहचान की जा सकती है। एक कटोरी में थोड़ा सा पानी लेकर उसके ऊपर घी की बूंदे टपका दें। यदि घी नीचे बैठ जाए तो यह नकली घी है। शुद्ध घी पानी के ऊपर तैरता है।

__हथेली पर रगड़ें__ – थोड़ा सा घी लेकर उसको अच्छे से हथेली पर रगड़ें। कुछ देर बाद यदि घी की खुशबू आए तो यह असली है, अगर इसमें कोई बदबू आए तो यह नकली घी है इसमें मिलावट की गई है।

__नमक से पहचानें शुद्धता__– एक बर्तन में दो तीन चम्मच घी के साथ आधा चम्मच नमक और एक दो बूंद हाइड्रोक्लोरिक एसिड मिलाकर एक मिश्रण तैयार कर लें। इस मिश्रण को 15 –20 मिनट के छोड़ दें। उसके बाद देखें कि इस मिश्रण का रंग बदला है या नहीं। घी लाल या कोई और रंग का दिखाई दे रहा है तो इसमें मिलावट है।

__उबालकर देखें__ – घी को उबालकर इसको ठंडा होने के लिए रख दें और यह खुशबू वाला और दानेदार है तो यह असली घी है। अगर कोई बदबू आए तो यह मिलावटी घी है।

## खाना खजाना





# कुट्टू की पूरी कैसे बनाएं

**व्रत पर फलाहार भोजन करने का प्रावधान है। इसके लिए कुट्टू के आटा काफी पवित्र माना जाता है, जिसका इस्तेमाल करके आप व्रत वाले आहार तैयार कर सकते हैं। इसे खासतौर से उपवास के दिनों में बनाई जाती है। बता दें कि कुट्टू की पूरी ग्लूटेन फ्री होने के अलावा बहुत स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक भी होती है। इसे उबले आलू के साथ या उसके बिना भी बनाया जा सकता है। उपवास के दिनों में, कुट्टू का आटा या कुट्टू के आटे की जगह राजगिरा या सिंघाड़े का आटा भी ले सकते हैं। कुट्टू के आटे पूरियां बेहद कुरकुरी होती हैं और इनका स्वाद भी सामान्य पूरियों से कई गुना ज्यादा अच्छा होता है।**

### कुट्टू की पूरी के लिए सामग्री :

2 कप कुट्टू आटा, 1 आलू, 1/2 छोटा चम्मच सेंधा नमक, 1 कप पानी



### कुट्टू की पूरी कैसे बनाएं :

एक बड़े गहरे कटोरे में 2 कप कुट्टू का आटा लें। इस आटे में उबले हुए आलू डालें और कड़छी से अच्छी तरह मिला लें। सेंधा नमक और आवश्यकतानुसार पानी डालकर चिकना आटा गूंथ लें। सुनिश्चित करें कि यह चिपचिपा न हो वरना पूरियां ठीक से नहीं बेली जाएंगी। आटे को पतली प्लास्टिक शीट से ढककर कम से कम आधे घंटे के लिए अलग रख दें। 30 मिनट बाद शीट हटा दें। अब आटे को बराबर छोटे आकार की लोइयों में बांट लीजिए। पूरी को चिपकने से बचाने के लिए बेलन बोर्ड पर आटा छिड़कें और बेलन की सहायता से इसे गोल आकार में बेल लें। ध्यान रखें कि इसे बहुत पतला नहीं बनाना है। एक पूरी को धीरे से गर्म तेल में डालें और फूलने तक डीप फ्राई करें। सुनहरा और कुरकुरा होने तक दोनों तरफ से तलें। इस प्रक्रिया को बाकी पूरी के साथ दोहराएं और तेल निकालने के लिए पेपर टॉवल का इंतजार करें। दही आलू या अन्य व्रत वाले खाने के साथ गरमागरम परोसें।



# नुसरत भरुचा की वायरल क्लिप पर भड़के लोग

एक्ट्रेस नुसरत भरुचा एक वीडियो ने लोगों को नाराज कर दिया है। वायरल क्लिप में नुसरत किसी फैशन शो में हैं। इसमें वह स्टेज पर पहुंचती हैं और एक लड़की को पीछे करके आगे हो जाती हैं। देखने वालों को लग रहा है कि नुसरत एक्ट्रेस होने का ऐटिट्यूड दिखा रही हैं। वहीं कई लोग उनके सपोर्ट में भी लिख रहे हैं कि वह शोस्टॉपर हैं और कुछ गलत नहीं किया। विडियो में दिख रहा है कि नुसरत पीछे से आती हैं। आगे लड़कियों की टीम खड़ी होती है। इनमें से एक को पीछे करके वह आगे हो जाती हैं।

इसके बाद दो लड़कियों को आगे बुलाती हैं। ऐसा लग रहा है कि वे दोनों डिजाइनर्स थीं। नुसरत उनके साथ पोज देती हैं। फिल्मी मंत्रा मीडिया पर यह वीडियो शेयर किया गया है। इस पर लोगों के कमेंट्स दिख रहे हैं। इस पर एक ने कमेंट किया है, मोटिवेशन और कॉन्फिडेंस देना चाहिए। एक और ने लिखा है, कुछ ज्यादा ही ऐटिट्यूड है दूसरों के लिए कोई रिस्पेक्ट नहीं। एक कमेंट हैं, औरतों को दूसरी औरत के साथ खड़ा होना चाहिए ना कि आगे निकलने के लिए धक्का देना चाहिए। कुछ लोग नुसरत को घमंडी लिख रहे हैं। एक ने लिखा है, वह बस अपनी जॉब कर रही है, वह कहां खड़ी होती, उसने सिर्फ उस लड़की को किनारे किया है कुछ गलत नहीं। एक कमेंट है, ये मिसमैनेजेंट है। अगर इतनी बड़ी एक्ट्रेस को बुलाया है तो उसे प्रायॉरिटी दी जानी चाहिए थी। एक और ने लिखा है, ओ दुनिया के विद्वानो, सब लेक्चर दे रहो हो। वो शो स्टॉपर है तो साइड में थोड़े ही आएगी। गलती डिजाइनर की है वो खुद ही साइड में खड़ी है नौसिखिए जैसे। कई लोग लिख रहे हैं कि ये स्टेज का मैनेजमेंट है इसमें नुसरत की गलती नहीं। वहीं कुछ लोगों को नुसरत के हावभाव पसंद नहीं आ रहे।

# श्रीलीला संग रोमांटिक हुए कार्तिक आर्यन





बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को लेकर खबरों में बने हुए हैं। इस फिल्म में कार्तिक इश्क फरमाते नजर आएंगे। इस मूवी में उनके साथ 'पुष्पा 2' फेम एक्ट्रेस श्रीलीला लीड रोल मे नजर आएंगी। इस फिल्म को लेकर कार्तिक और श्रीलीला के फैंस काफी एक्साइटेड हैं। ऐसा हो भी क्यों न इस जोड़ी के रोमांस के रूमर्स भी सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में हैं।

इसी बीच अब इसी बीच अब कार्तिक ने श्रीलीला के साथ अपनी एक बेहद रोमांटिक तस्वीर शेयर की है। इसे देख फैंस खुद को कमेंट्स करने से रोक नहीं पा रहे हैं। कार्तिक आर्यन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर श्रीलीला के साथ एक रोमांटिक तस्वीर पोस्ट की है। इस तस्वीर में कार्तिक और श्रीलीला दार्जिलिंग की वादियों में नजर आ रहे हैं। दोनों एक गार्डन में बैठे हुए नजर आ रहे हैं। कार्तिक फोटो में जहां श्रीलीला को एकटक निहार रहे हैं तो वहीं, एक्ट्रेस अपना सिर झुकाए शरमाती दिख रही हैं। इस दौरान कार्तिक काफी रग्ड लुक में दिख रहे हैं। उनकी दाढ़ी काफी लंबी बढ़ी हुई है और बाल भी काफी लंबे हुए हैं। वहीं, श्रीलीला ने पिंक कलर की ड्रेस कैरी की है, जिसमें वो बला की खूबसूरत लग रही हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए कार्तिक ने कैप्शन में लिखा है, "तू मेरी जिंदगी है।" कार्तिक आर्यन और श्रीलीला की इस तस्वीर पर यूजर्स ने जमकर कमेंट्स किए हैं। इपर कमेंट कर ज्यादातर लोगों ने इस जोड़ी की तारीफ की है। एक यूजर ने लिखा, 'मैं आप दोनों की इस फिल्म में केमिस्ट्री देखने के लिए बेहद एक्साइटेड हूं।' एक दूसरा लिखता है, 'अब आशिकी का इंतजार नहीं हो रहा है।' एक ने कहा, 'ये हिट है बॉस।' एक लिखता है, 'एक और ब्लॉकबस्टर तैयार है।'

# ऋतिक रोशन अब बनेंगे डायरेक्टर



ऋतिक रोशन के फैंस जो काफी समय से कृष 4 का इंतजार कर रहे हैं, उनका इंतजार अब खत्म हो गया है। कृष 4 आने वाली है और इस बार दिलचस्प बात यह है कि फिल्म को डायरेक्ट करेंगे ऋतिक रोशन। ऋतिक खुद पुरानी कृष फिल्मों के चेहरे रहे हैं और दो दशकों में इस फिल्म ने काफी धमाल मचाया है। कृष सीरीज की पुरानी फिल्मों को उनके पिता राकेश रोशन डायरेक्ट और प्रोड्यूस करते आए हैं। राकेश रोशन ने बताया कि उनके बेटे को कृष 4 डायरेक्ट करने के लिए आदित्य चोपड़ा ने मनाया है। कृष 4 को यशराज फिल्म्स के आदित्य चोपड़ा को-प्रोड्यूस करने जा रहे हैं। इससे पहले एक्टर ने यशराज फिल्म के साथ धूम जैसी फिल्मों में काम किया है, जो काफी सक्सेसफुल रही हैं। कृष सीरीज की शुरुआत 2003 में कोई मिल गया के साथ हुई थी। इसके बाद 2006 में कृष आई और फिर कृष 3 को साल 2013 में रिलीज किया गया। तभी से चौथे पार्ट का इंतजार किया जा रहा था। कुछ साल पहले इसका ऐलान भी किया गया था, लेकिन कोई भी प्रोग्रेस नहीं हो सकी थी। अब ऋतिक रोशन ने खुद इसे डायरेक्ट करने की जिम्मेदारी उठाई है। वैरायटी से शेयर किए गए स्टेटमेंट के अनुसार, राकेश रोशन ने कहा, ''मैं कृष 4 के डायरेक्टर का बैटन अपने बेटे ऋतिक रोशन को सौंप रहा हूं। उन्होंने मेरे साथ ही इस फिल्म की शुरुआत से ही इसको जिया है और इसके सपने देखे हैं।'' उन्होंने आगे कहा, "ऋतिक के पास कृष की यात्रा को अगले दशकों तक दर्शकों के साथ आगे ले जाने का एक स्पष्ट और बहुत ही महत्वाकांक्षी विजन है। मुझे उन्हें एक ऐसी फिल्म के लिए डायरेक्टर का रोल निभाते हुए देखकर बहुत गर्व हो रहा है जो हमारे लिए एक परिवार के रूप में बहुत मायने रखती है।" आदित्य चोपड़ा और ऋतिक रोशन अभी वॉर 2 पर भी काम कर रहे हैं। अयान मुखर्जी के डायरेक्शन में बन रही वॉर 2 में जूनियर एनटीआर भी दिखाई देंगे। माना जा रहा है कि यह फिल्म इस साल के आखिरी में रिलीज हो सकती है। राकेश रोशन ने बताया है कि आदित्य ने ऋतिक को कृष फिल्म को डायरेक्ट करने के लिए मनाया है। उन्होंने कहा कि मुझे कृष 4 के प्रोड्यूसर के रूप में आदित्य को देखकर काफी खुशी होती है।

# सामंथा रुथ प्रभु ने शेयर की वेकेशन की तस्वीरें



साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। सामंथा साउथ फिल्म इंडस्ट्री की एक मशहूर अभिनेत्री हैं। उन्होंने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं। प्रोफेशनल लाइफ के साथ सामंथा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब सुर्खियों में रहती हैं। एक्ट्रेस नागा चैतन्य संग तलाक की खबरों को लेकर काफी चर्चा में रहीं हैं। सामंथा से तलाक के बाद नागा ने शोभिता धूलिपाला संग दूसरी शादी कर ली है। इसी बीच अब सामंथा ने अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं।

सामंथा रुथ प्रभु ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों के साथ कुछ शॉट्स वीडियो भी हैं। इन तस्वीरों में सामंथा सिडनी वाइल्ड पार्क में एंजॉय करती नजर आ रही हैं। सामंथा कैजुअल आउटफिट में बेहद खूबसूरत नजर आ रही है। उन्होंने फुल स्लीव टी-शर्ट और ब्लू जींस कैरी की है। इसके साथ उन्होंने लुक को हैट के साथ कंप्लीट किया। सामंथा पार्क में खूबसूरत व्यू और एनिमल्स के साथ एंजॉय करती दिख रही हैं। फोटोज के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'नेचर, एनिमल, और गुड वाइब्स, कंगारूओं को खाना खिलाने से लेकर नींद में सोए कोआला को देखने तक, ये बहुत ही प्यारा समय था।' इन फोटोज को यूजर्स काफी पसंद कर रहे हैं। इस पर कमेंट कर यूजर्स सामंथा से एक ही सवाल पूछ रहे हैं कि ये पिक्स किसने क्लिक की हैं। ऐसे में भला एक्ट्रेस भी पीछे कैसे रहतीं। उन्होंने तुरंत इस पर रिप्लाई करते हुए लिखा- '@sydneytourguide Naomi' इसी के साथ उन्होंने रेड हार्ट इमोजी भी बनाई। ऐसे कई और कमेंट्स इस पोस्ट पर आ रहे हैं।

# जब श्वेता तिवारी के बेटे को स्कूल में ताना मारते थे लोग, वजह बना...





टीवी अदाकारा श्वेता तिवारी कई बार मीडिया के सामने अपनी पर्सनल लाइफ के राज खोल चुकी हैं. एक जमाना था जब लोग लगातार श्वेता तिवारी पर निशाना साध रहे थे. लोगों का कहा था कि श्वेता तिवारी का 2 बार तलाक हो चुका है, मतलब साफ है कि श्वेता तिवारी एक अच्छी पत्नी नहीं हैं. इस दौरान लोगों ने तो श्वेता तिवारी के बच्चों को भी परेशान करना शुरू कर दिया था. एक इंटरव्यू में श्वेता तिवारी ने इस बात का खुलासा किया था. चलिए जानते हैं कि श्वेता तिवारी ने अपने बच्चों के बारे में क्या बयान दिया था.

एक इंटरव्यू में श्वेता तिवारी ने बताया था, मेरे बच्चों के सामने मैं घरेलू हिंसा का शिकार हुई थी. बचपन में ही बेटे को समझ आ गया था कि पुलिस और कोर्ट क्या होता है. आगे श्वेता तिवारी ने कहा, मेरी कोई गलती नहीं थी. मैं बस अपनी जिंदगी को संभालने की कोशिश कर रही थी. इस दौरान मेरे बच्चों को बहुत सफर करना पड़ा. श्वेता तिवारी ने आगे कहा, मेरे बेटे को लोग ताने मारते थे. स्कूल में उसका जीना दुश्वार हो गया था. वो जब भी बाहर जाता लोग उससे पूछते थे कि तुम्हारे पापा घर क्यों नहीं आते हैं.

श्वेता तिवारी ने आगे कहा, मेरी पर्सनल लाइफ का बच्चों पर बहुत बुरा असर पड़ा. मैं ये नहीं कहती कि मैं बहुत बहादुर हूं लेकिन मैंने फिर भी हार नहीं मानी. श्वेता तिवारी आगे कहा, एक समय ऐसा भी आया जब मैं पूरी तरह से टूटकर बिखर गई थी फिर मैंने अपने बच्चों को देखा. मैंने बच्चों के लिए जीने का फैसला किया. श्वेता तिवारी ने बताया, औरतें तो अपने दिल की बात तक नहीं बोल पाती हैं. मैं तो तब भी रोती हूं बिलख लेती हूं. कुछ समय में मुझे समझ आ जाता है कि अब मुझे अकेले की आगे बढ़ना है. श्वेता तिवारी ने दावा किया था कि, मैं आज भी तलाक के दर्द को भुला नहीं पाई हूं लेकिन जिंदगी ऐसे ही आगे बढ़ती रहती है. गौरतलब है कि श्वेता तिवारी अब सिंगल मदर बनकर अपने बच्चों को पाल रही हैं.

# सुनीता ने गोविंदा का नाम सुनते ही दिया शॉकिंग रिएक्शन



बॉलीवुड एक्टर गोविंदा पिछले दिनों पत्नी सुनीता आहूजा संग तलाक की खबरों को लेकर काफी सुर्खियों में रहे थे। हालांकि, बाद में सुनीता ने तलाक की खबरों पर चुप्पी तोड़ते हुए इसे बकवास बताया। सुनीता ने पैपराजी से कहा था कि किसी में दम नहीं जो उन्हें और गोविंदा को अलग कर सके। इसी बची अब तलाक पर चुप्पी तोड़ने के बाद सुनीता पहली बार नजर आईं। सुनीता अपने बेटे यशवर्धन के साथ दिखाई दी। इस दौरान जब पैपराजी ने सुनीता से उनके पति गोविंदा को लेकर सवाल किया तो उन्होंने ऐसा शॉकिंग रिएक्शन दिया, जिसे देखने के बाद अब फैंस काफी हैरान हैं।

दरअसल, गुरुवार को मुंबई में एक अवॉर्ड फंक्शन में गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा अपने बेटे यशवर्धन आहूजा के साथ पहुंचीं। इस दौरान सुनीता ने अपने स्टाइलिश लुक से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस दौरान जब सुनीता और यशवर्धन ने पैपराजी के लिए पोज दे रहे थे, तभी पैप्स ने एक्साइटमेंट में पूछा, 'गोविंदा सर कहां हैं?' इस पर सुनीता ने मुंह बनाते हुए कहा, 'क्या?' इसके बाद उनकी अजीब मुस्कुराहट देखने को मिली। इसके बाद जब एक अन्य फोटोग्राफर ने कहा कि गोविंदा शायद देर से आएंगे, तो सुनीता ने मुस्कुराते हुए कहा, 'लास्ट बट नॉट द लीस्ट।' सुनीता जैसे ही वे रेड कार्पेट से हटने वाली थी, एक पैपराजी ने कहा कि वे 'हीरो नंबर 1' एक्टर को बहुत मिस कर रहे हैं। इस पर सुनीता ने हंसते हुए कहा, 'हम लोग भी कर रहे हैं।' सुनीता के इस बर्ताव को देख गोविंदा के फैंस काफी नाराज नजर आ रहे हैं। इस वीडियो पर यूजर्स के तमाम कमेंट्स मौजूद हैं। इस पर कमेंट कर एक यूजर ने लिखा, 'ये अलग लेवल की राखी सावंत है।' एक दूसरे ने लिखा, 'उन्हें ये याद रखना चाहिए कि वो और उनके बच्चे आज जो कुछ भी हैं वह गोविंदा और उनके स्टारडम की वजह से हैं।' ऐसे कई और कमेंट्स इस वीडियो पर आ रहे हैं।

# रेड-2 का टीजर हुआ रिलीज

'रेड 2' एक मई के दिन सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। ऐसे में शुक्रवार के दिन इसका पहला टीजर जारी किया गया है। टीजर में अजय देवगन और रितेश देशमुख के बीच के टशन की छोटी-सी झलक देखने को मिल रही है। इसके साथ ही यो यो हनी सिंह का म्यूजिक भी सुनाई दे रहा है। लोग टीजर देखने के बाद एक्साइटेड हो गए हैं। अजय ने 'रेड 2' का टीजर शेयर करते हुए लिखा, '74वीं रेड और 4200 करोड़ रुपये। इस बार बाजी होगी सबसे बड़ी।'

टीजर की शुरुआत बाइक के शॉट से होती है और पीछे से एक आवाज आती है, 'ये टैक्स का मामला फाइल देकर तभी के तभी सुलझाया जा सकता था।' फिर दूसरा शख्स बोलता है- 'क्या जरूरत थी ये सरकारी अफसर के लिए राजा जी की फौज बुलाने की?' इसके बाद स्क्रीन पर रामेश्वर सिंह (सौरभ शुक्ला) आते हैं। वह कैदी के कपड़ों में जेल में नजर आते हैं और कहते हैं- 'किसका नाम ले लिया सुबह-सुबह।' और फिर होती है अमय पटनायक बने अजय देवगन की एंट्री। वह दादाभाई के घर 75वीं रेड डालने की तैयारी में लगा होता है। दादाभाई एक खौफनाक नेता है। फिल्म में दादाभाई का किरदार रितेश देशमुख निभा रहे हैं। अजय देवगन और रितेश देशमुख के बीच क्लैश होता है। दोनों फोन पर एक-दूसरे को धमकियां देते नजर आते हैं।एक ने लिखा, 'अरे ये तो मजेदार टीजर है।' दूसरे ने लिखा, 'इंतजार नहीं हो रहा।' चौथे ने लिखा, 'रितेश देशमुख ने टीजर में ही कमाल कर दिया।'




# रश्मिका मंदाना ने दी अपनी फेवरेट के-ड्रामा सीरीज की लिस्ट



रश्मिका मंदाना ने अपने इंस्टाग्राम पर आस्क मी एनीथिंग सेशन किया। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से उनकी टीम उनका सोशल मीडिया मैनेज कर रही थी, लेकिन अब वह सोशल मीडिया पर वापस आ गई हैं। ऐसे में वह आस्क मी एनीथिंग सेशन रख रही हैं। उन्होंने इस सेशन के दौरान फैंस के सवालों के जवाब दिए और बताया कि वह इस वक्त कौन-सी वेब सीरीज देख रही हैं। सेशन के दौरान जब एक फैन ने एक्ट्रेस से कुछ अच्छे के-ड्रामा सजेस्ट करने को कहा, तब रश्मिका ने लिखा, "मैंने अभी-अभी 'लव स्काउट' देखी है।" बता दें, 'लव स्काउट' इस साल जनवरी में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी।रश्मिका ने बताया कि उन्हें कोरियन ड्रामे के साथ-साथ चीनी ड्रामे भी पसंद हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, "मुझे 'द फर्स्ट फ्रॉस्ट' भी बहुत अच्छी लगी। यह बहुत प्यारी सीरीज थी!" बता दें, ये सीरीज इस साल फरवरी में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। रश्मिका ने ये भी बताया कि वह इस वक्त 'अंडरकवर हाई स्कूल' देख रही हैं। आप इसे प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।एक अन्य प्रशंसक ने रश्मिका से उनका फेवरेट कोरियन ड्रामा पूछा। रश्मिका ने लिखा, "मैंने लगभग हर सीरीज देखी है, इसलिए चुनना वाकई मुश्किल है... लेकिन अगर मुझे वाकई चुनना पड़े तो मैं 'इट्स ओके टू नॉट बी ओके' चुनूंगी।" ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

# अनजान फोटो पर क्लिक, खाते से 2 लाख रुपए कटे

## पीड़ित बोला- वॉट्सऐप पर तस्वीर आई; पूछा था- क्या आप इस व्यक्ति को जानते हैं

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

जबलपुर में एक शख्स के वॉट्सऐप पर अनजान नंबर से एक फोटो भेजी गई, जिसे क्लिक करते ही मोबाइल अपने आप हैक हो गया। कुछ ही देर में बैंक खाते से 2 लाख 1 हजार रुपए निकल गए। ठगों ने फोटो पर छपी लिंक के जरिए फोन पर एक ऐप डाउनलोड करवा दिया, जिससे ओटीपी और बैंक डिटेल्स सीधे उनके पास पहुंच गईं। पीड़ित ने अपने साथ हुई इस ठगी की शिकायत साइबर सेल और कोतवाली पुलिस से की है। कोतवाली क्षेत्र के प्रदीप जैन 28 मार्च को अपने घर पर थे। सुबह करीब 9 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर (9827832213) से कॉल आया। कॉल करने वाले ने उनके वॉट्सऐप पर एक बुजुर्ग की फोटो भेजी और पूछा- क्या आप इस व्यक्ति को जानते हैं? प्रदीप ने पहले मैसेज और कॉल को अनदेखा कर दिया। लेकिन कुछ देर बाद फिर से वही कॉल आया और वही सवाल पूछा गया। दोपहर करीब 1:35 बजे उसी नंबर से दोबारा कॉल आया। इस बार प्रदीप जैन ने गुस्से में जवाब दिया- मैं इस व्यक्ति को नहीं जानता। ये कहकर उन्होंने फोन काट दिया।

### ऐप के डाउनलोड होते ही मोबाइल हैक

इसके कुछ देर बाद प्रदीप जैन के मोबाइल पर अपने आप एक "कस्टमर सपोर्ट" नामक ऐप डाउनलोड हो गया। इसी दौरान साइबर ठग ने उनका मोबाइल हैक कर लिया। दोपहर में उनके मोबाइल पर केनरा बैंक से मैसेज अलर्ट आया। पहले 1 रुपए उनके खाते में क्रेडिट किए गए। फिर कुछ ही मिनटों में 1 लाख रुपए और फिर 1 लाख 1 हजार रुपए उनके खाते से डेबिट हो गए। प्रदीप जैन को कुछ समझ नहीं आया कि यह सब कैसे हो रहा है। वे तुरंत बैंक पहुंचे और बैलेंस चेक किया, तो उनके खाते से 2 लाख 1 हजार रुपए निकल चुके थे। उन्होंने फौरन खाते को सीज करवाया और साइबर सेल में शिकायत दर्ज करवाई।




### हैदराबाद के एटीएम से निकाले गए रुपए

बैंक स्टेटमेंट की जांच में सामने आया कि यह ट्रांजैक्शन "क्ह क्ह्त्र्रं" नाम के अकाउंट के जरिए हुआ था। यह खाता केनरा बैंक हैदराबाद में हाल ही में खुलवाया गया था। ठगों ने एटीएम के जरिए सारा पैसा निकाल लिया। प्रदीप जैन की पासबुक में "विशाल ऑनलाइन" और "जन्नतुन बीबी ऑनलाइन" नाम से संदिग्ध लेन-देन दिखाई दिए। साइबर ठगों ने सुबह 9:38 बजे से लेकर शाम 5:12 बजे तक लगातार वॉट्सऐप पर डॉट (.) मैसेज भेजकर यह जांच की कि वे ऑनलाइन हैं या नहीं।

### ठग ने दोबारा पैसे निकालने की कोशिश की

प्रदीप जैन के खाते से रुपए निकलने के बाद उन्होंने फौरन उसे सीज करवा दिया। लेकिन इसके बावजूद, ठग ने 96 हजार रुपए की एक और ट्रांजैक्शन करने की कोशिश की। साइबर फ्रॉड एक्सेस पाने के लिए लगातार मैसेज कर रहे थे। हालांकि, खाता सीज होने के कारण वे इसमें सफल नहीं हो पाए।

### पीड़ित बोला- बैंक ने भी लापरवाही बरती

पीड़ित प्रदीप जैन ने बताया कि जब उन्होंने बैंक को इस धोखाधड़ी की सूचना दी, तो बैंक ने फौरन कार्रवाई करने से इनकार कर दिया। उन्हें पहले साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने के लिए कहा गया। साइबर हेल्पलाइन ने भी तुरंत रिपोर्ट नहीं ली। ऐसे में अगले दिन बैंक में जाकर लिखित शिकायत देनी पड़ी। 29 मार्च को ही उन्होंने पुलिस को भी शिकायत दी। इस मामले की जांच अब साइबर सेल और कोतवाली पुलिस कर रही है।

### पीड़ित बोला- ठगों के पास सीधे कॉल-मैसेज पहुंच रहे थे

प्रदीप कुमार जैन ने बताया कि पहले तो अपने आप "ग्राहक सेवा" नाम का ऐप फोन पर डाउनलोड हो गया था। इस ऐप में स्कैमर के वॉट्सऐप नंबर के समान डिस्प्ले पिक्चर थी। प्रदीप कुमार ने बताया कि साइबर ठग के द्वारा ऑनलाइन पैसे निकाले जाने पर चेक करने के लिए केनरा बैंक की तरफ से कॉल किया, तो साइबर फ्रॉड ने मेरी ओर से जवाब दिया और मेरे होने का नाटक किया।

### अब लिंक नहीं, फोटो भेजकर ठगी कर रहे हैं

साइबर सेल के अधिकारी नीरज नेगी ने बताया कि पहले ठग ओटीपी और फिशिंग लिंक के जरिए ठगी करते थे। जब लोग सतर्क हुए, तो अब उन्होंने स्टेगनोग्राफी नाम की तकनीक अपनाई है। इसमें ठग वॉट्सऐप पर कोई सामान्य सी फोटो भेजते हैं। जैसे ही कोई इसे क्लिक करता है, एक अदृश्य लिंक सक्रिय हो जाती है, जिससे मोबाइल में एक एप्लीकेशन अपने आप डाउनलोड हो जाती है। इसके बाद ठग को उस मोबाइल का पूरा एक्सेस मिल जाता है और वह बैंक खाते से पैसे निकाल लेता है।

# अज्ञात वाहन ने अधेड़ को रौंदा, मौत

## मॉर्निंग वॉक पर निकला था मृतक, सीसीटीवी की मदद से जांच में जुटी पुलिस




त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

जबलपुर के गढ़ा थाने से सिर्फ 10 फीट दूरी पर सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार अज्ञान वाहन ने 55 वर्षीय शख्स को रौंद दिया। घटना में उन्हें गंभीर चोट आई। स्थानीय लोग उन्हें तुरंत इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। जहां कुछ ही देर बात उनकी मौत हो गई। मृतक का नाम कमल चक्रवर्ती है। वह पेशे से मिट्टी के मटके (कुम्हार) बनाने का काम करते थे। सोमवार सुबह वह घूमने के लिए त्रिपुरी चौक से मेडिकल कॉलेज तरफ पैदल जा रहे थे। उसी दौरान उन्हें अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। घटना की जानकारी मिलते ही गढ़ा थाना पुलिस के स्टाफ ने अज्ञात वाहन की तालाश शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी खंगाल कर आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। कमल चक्रवर्ती के बेटे नरेन्द्र चक्रवर्ती ने बताया कि सोमवार की सुबह करीब 8 से साढ़े 8 बजे के बीच पिता पैदल टहलने निकले थे, तभी उन्हें वाहन ने टक्कर मार दी। नरेन्द्र का कहना है कि जिस जगह एक्सीडेंट हुआ है, वहां पर गाड़ी के टुकड़े पड़े हुए थे। इससे कार द्वारा टक्कर मारने की आशंका है।

## बस स्टैंड में बैठकर सट्टा लिख रहे थे सटोरिए

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

बेलखेड़ा थानांतर्गत आंगनबाड़ी के पीछे बस स्टैंड में सटोरिए बैठकर सट्टा पट्टी लिख रहे थे, जिन्हें पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने पकड़ लिया। आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर ने सूचना दी कि बस स्टैंड में कुछ लोग बैठे हैं, जो कि सट्टा लिखकर अवैध लाभ अर्जित कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और क्राइम ब्रांच ने मौके पर दबिश दी तो वहां चार लोग बैठकर सट्टा लिख रहे थे, जो कि वहां से भागने लगे लेकिन उन्हें दबोच लिया गया है। तलाशी लेने पर सटोरियों के पास से 12 हजार 700 रुपए और सट्टा पट्टी बरामद हुई हैं। सटोरियों के नाम प्रेम सिंह लोधी, राजेंद्र ठाकुर, संतोष सिंह ठाकुर और आशीष चौधरी बताए जा रहे हैं। चारों लंबे समय से क्षेत्र में सट्टा लिखने और लिखवाने के अवैध काम में सम्मिलत बताए जा रहे हैं।

## खुद को बचाने झूठे प्रकरण में फसा रही पुलिस

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

मेडिकल कॉलेज के सामने डायल-100 में सवार पुलिस कर्मियों द्वारा चार युवकों की पिटाई का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। उन चारों ने युवकों ने पुलिस पर बेवजह पिटाई करने का आरोप लगाते हुए झूठा प्रकरण दर्ज करने की बात कही है। युवकों का कहना है कि 28-29 मार्च की दरम्यिानी रात गढ़ा थाने की डायल 100 में बैठे ड्राइवर और उसमें बैठे पुलिस कर्मियों ने वहां से निकल रहे चार युवकों के साथ जमकर मारपीट की फिर थाने ले गए , जहां उनके खिलाफ पुलिस से अभद्रता करने और वर्दी फाड़ने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की गई। चारों युवकों ने अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर जब सीसीटीवी फुटेज मांगी तो उन्हें फुटेज भी नहीं दी गई। युवकों ने आरोप लगाए हैं कि थाने में पुलिसकर्मी ने चारों युवकों के मोबाइल लेकर उनके मोबाइल से साक्ष्य मिटा दिए। इस बात से स्पष्ट होता पुलिस ने खुद को बचाने के लिए साक्ष्य हटाए हैं और चारों युवकों को फंसाने का प्रयास किया है और उनपर फर्जी मामला दर्ज किए हैं।



# प्रशिक्षण से प्रशिक्षार्थी का होता है बौद्धिक विकास

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

शासकीय एमएच गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय, जबलपुर में 'एआई, चैटजीपीटी एवं गूगल जैमिनी द्वारा कंटेंट निर्माण' विषय पर आयोजित छह दिवसीय फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम का समापन हुआ। यह कार्यक्रम सेडमेप द्वारा भारत सरकार के पीएम उषा प्रोजेक्ट के तहत आयोजित किया गया था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समीर शुक्ल और सेडमैप के जिला समन्वयक अजय तिवारी ने कहा, ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों की क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ज्ञानेन्द्र सिंह ने 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मूल बातें' पर व्याख्यान दिया। डॉ. प्रीती राय ने 'कंटेंट निर्माण' तकनीकों पर प्रकाश डाला। वाधवानी एजुकेशन सोसाइटी, भोपाल के अध्यक्ष ललित कुमार वाधवानी ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में चैटजीपीटी और जैमिनी का परिचय, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग की बारीकिया, अक का नैतिक उपयोग, कंटेंट, इमेज और वीडियो निर्माण तकनीकें सिखाईं।

# बहला-फुसलाकर महिलाओं और बच्चों का कराया जा रहा था धर्मांतरण

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

जबलपुर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकताओं ने एक यात्री बस को रोक कर रांझी थाने पहुंच गए। संगठन के कार्यकताओं का आरोप है कि बस में मंडला के महाराजपुर से लाए आदिवासी लोग मिले है, जिन्हें धर्म परिवर्तन करवाने के लिए चोरी-छिपे यहां लाया गया था। बस को भंवरताल पार्क पर रोका गया था, हालांकि हिंदूवादी संगठनों के पहुंचने पर बस का चालक फरार हो गया, जिसे पीछा करते हुए रांझी में पकड़ा गया। पुलिस ने सभी लोगों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बस में सवार एक युवती ने बताया कि हम लोग तो बस से तीर्थ यात्रा पर आए थे और चर्च जा रहे थे। तभी कुछ अंकलों ने हमें रोका और बाद में पुलिस स्टेशन ले आए। वे कह रहे हैं कि हम लोगों को बहकाया जा रहा है। लेकिन हम अपनी मर्जी से यहां आए हैं। बस का किराया भी हमने ही दिया है। हमने 500-500 रुपए दिए हैं। हमें बस चर्च लेकर जा रही थी। हमने खुद तय किया था कि हम यहां आएंगे। इस मामले में विश्व हिंदु परिषद के सदस्य संजय तिवारी ने कहा कि अगर ये लोग क्रिश्चियन हैं, तो आईडी में भी यही दर्ज होना चाहिए। लेकिन आईडी में आदिवासी लिखा है। हमें सुबह 8:30 बजे सूचना मिली, जिसके बाद हमारे कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। वहां दो बसें थीं, जिनमें से एक बस निकल गई। हिंदू संगठन के कार्यकताओं ने बस यात्रियों से मिलने आए दो लोगों के साथ थाने में ही मारपीट कर दी। कार्यकताओं का आरोप है कि यह लोग आदिवासी लोगों का मन डायवर्ट करते हुए उन्हें धर्मांतरण के लिए दबाव बना रहे थे। इस दौरान हिंदू संगठन के कार्यकताओं की पुलिस से भी जमकर बहस हुई।



## जबरदस्ती धर्मांतरण की बात नहीं, चर्चों के भ्रमण पर निकले थे लोग

मामले में थाना प्रभारी मानस द्विवेदी ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के द्वारा इस बस थाने लाया गया था, जिसमें क्रिश्चियन समाज के लोग बैठे थे। उनकी संख्या लगभग 50 थी। वे सभी महाराजपुर, मंडला के निवासी थे और वहीं के चर्च से संबंधित है। ये लोग ईस्टर त्योहार से पहले अलग-अलग चर्चों के भ्रमण और तीर्थ यात्रा के उद्देश्य से रवाना हुए थे। उन्हें भंवरताल गार्डन के पास स्थित चर्च और रांझी स्थित चर्च का भ्रमण कर सदर होते हुए वापस जाना था। इस बीच, संगठनों द्वारा धर्मातरंण संदेह व्यक्त किया गया, जिसके चलते पूछताछ की जा रही है। हम मंडला की टीम से भी संपर्क में हैं।

# फिर बना नया सिस्टम, बादल-पानी के आसार

## बुधवार से पूर्वी मप्र में बौछार की संभावना



त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

गर्मी से राहत के बीच एक मौसम विदों ने अगले दो दिनों में मौसम में भारी अंतर की आशंका जाहिर की है उनकी मानें तो अगले तीन दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में तेज हवा, गरज-चमक के साथ तेज बौछार और ओलावृष्टि की आशंका है। मौसम के परिवर्तन का असर पश्चिमी मप्र में ज्यादा तो पूर्वी मप्र में आंशिक रहेगा। स्थानीय मौसम वेधशाला से मिली जानकारी के अनुसार 48 घंटों के बाद मध्य महाराष्ट्र और कोंकण क्षेत्र में मध्य क्षोभमंडलीय स्तरों में चक्रवाती परिसंचरण के सक्रिय होने की संभावना है, जिसके पठारी क्षेत्र में विस्तृत ट्रफ के साथ संयोजित होने के कारण अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी आनी शुरू हो जाएगी। नमी आने से एक अप्रैल की शाम से प्रदेश के नर्मदापुरम, बैतूल, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा खररगौन, छिंदवाड़ा, पांढूर्णा, भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, देवास, नीमच, दतिया भिंड, सिवनी, मण्डला, सागर जिलों में तेज हवाओं के साथ बौछार और कहीं- कहीं ओला गिरने की भी आशंका है। दो और तीन अप्रैल को जबलपुर, नरसिंहपुर, सिवनी, मण्डला सहित आसपास के जिलों में कहीं-कहीं हल्की बौछार और एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ ओले भी पड़ सकेते हैं। सोमवार सुबह स्थानीय मौसम वेधशाला में शहर का न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 3 डिग्री कम रहा। कल शाम को अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ था। गत वर्ष आज ही के दिन शहर का अधिकतम तापमान 38.9 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 23.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ था।

# एथलीन गैस की दुर्गंध से बढ़ रही परेशानी

त्रिपुरी टाईम्स • जबलपुर
www.tripuritimes.com

बस स्टैंड मे देवी मंदिर के सामने स्थित फल की दुकान मे फलों को पकाने के लिए उपयोग की जा रही एथलीन गैस के कारण वहां का पूरा वातावरण प्रदूषित रहता है जिससे लोगों को भारी परेशानी होती है इस संबंध में ज्ञात हो कि बस स्टैंड होने के कारण वहां प्रतिदिन हजारों लोगों का आना जाना लगा रहता है साथ ही नगर के लोगों के आस्था का केंद्र खेरमाई देवी मंदिर होने के कारण श्रद्धालुओं का आना जाना बना रहता है किन्तु फल विक्रेता द्वारा फलों को पकाने के लिए उपयोग की गई एथलीन गैस की दुर्गन्ध खुले वातावरण में पंहुचती है तो लोगों को सांस लेने में भी कठिनाई होती हैं नगर का उक्त बस स्टैंड एक तो स्थानीय प्रशासन की उदासीनता का शिकार है जहां प्रतिदिन हजारों लोगों का आना जाना लगा रहता है वहां न तो बैठने की व्यवस्था और न ही पेयजल की व्यवस्था है यात्री लोग किसी तरह से बसों के इंतजार मे देवी मंदिर के आस पास अपना समय बिताने के लिए बैठ जाते थे वहां भी गैस की दुर्गन्ध के कारण लोगों को बैठने में परेशानी होती है और आये दिन लोग संक्रामक बीमारियों के शिकार हो रहे हैं।



विज्ञापन एवं एजेंसी के लिए संपर्क करें
सिटी ऑफिस- त्रिपुरी भवन, जेडीए योजना क्रं. 18, ब्लाक नं. 9 मेजेनाइन फ्लोर, सिविक सेंटर, जबलपुर।
फोन : 0761-4085321

श्री शुभम् हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर
मल्टी स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल
24 घंटे आकस्मिक चिकित्सा | सभी विभागों में भर्ती | एम्बुलेंस तथा दवाईयां | पैथोलॉजी तथा एक्सरे
मेडिसिन एवं हृदय रोग, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, आस्थित रोग, नाक-कान-गला, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, न्यूरो तथा स्पाइन, कैंसर, मूत्र रोग विभाग
•पॉईजनिंग •बर्न यूनिट •हॉर्ट अटैक •एक्सीडेंट एवं ट्रॉमा यूनिट
मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार मण्डल के हितग्राहियों हेतु निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध
5 May श्री शुभम् हॉस्पिटल
मदन महल चौक, दशमेश द्वार के पास, नागपुर रोड, जबलपुर
फोन : 0761-4051253, 9329486447

प्रदेश का अग्रणी संस्थान SINCE 1996
ACST Tally PYTHON JAVA C, C++ CPCT
नए बैच प्रारंभ 40% छूट
चौपाटी के पास, सिविक सेंटर, जबलपुर मो: 4007077, 9993030707

JICS
माखनलाल चतुर्वेदी रा.प.एवं संचार विश्वविद्यालय से संबद्ध
प्रवेश प्रारंभ
M.Sc PG DCA DCA B.Com BCA TALLY
जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर साइंस
अधारताल भारत गैस के बाजू में मेन रोड जबलपुर
PH.:0761-4066631 Mo.:9827200559, 9893322108

यश नर्सरी हा. से. स्कूल Estd. 2004
बोर्ड कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ परिणाम के लगातार 15 वर्ष
9वीं /11 वीं फेल/ पास विद्यार्थी सीधे 10वीं/12 वीं फार्म भरें
10th/12th में परसेन्ट बढ़ाने CBSC/ICSE से MP BOARD में एडमीशन पर स्पेशल डिस्काउंट
English & Hindi Medium
बस एवं हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
नोट:- हमारे प्रयास से श्रेष्ठ बच्चों के साथ-साथ कमजोर बच्चे भी बेहतर रिजल्ट लाकर दिखाते हैं, इसलिए हम देते हैं बोर्ड परीक्षाओं में शत् प्रतिशत 100% रिजल्ट
गुलाब टावर के सामने, साक्षी बाइक प्वाइंट के बाजू में मानसरोवर कालोनी, अधारताल, जबलपुर
सम्पर्कः- 9303580611, 6263988587, 7987974850, 0761-2680811 (समय- सुबह: 8 से शाम:4 तक)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक डॉ. राजेश जायसवाल के लिए, एन.एम. पब्लिकेशन प्रा. लि., उखरी चौक, एम.आर.-4 रोड, जबलपुर (म.प्र.) से मुद्रित और कल्चुरी भवन हाउस नं. 3367/1, विवेक नगर, आधारताल, जबलपुर (म.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक : डॉ.राजेश जायसवाल* सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के जिम्मेदार। आरएनआई नं. MPHIN/2014/60079 मो. 9425154229, फोन-0761-4085321 e-mail: tripuritimes@gmail.com